4 **रायपुर संभाग**
अध्यक्ष एवं पार्षद पद के सभी पंद्रह प्रत्याशियों ने विधायक...

6 **अभिमत**
भारतीय गणतंत्र 75 गरिमापूर्ण वर्ष

09 **छत्तीसगढ़**
नगर पंचायत उतई में नामांकन के आखिरी दिन दावेदारों की उमड़ी...

10 **छत्तीसगढ़**
बेजुबान वन्यजीवों की मौत का जिम्मेदार कौन ?

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-158 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय का जीवन देश के लिए समर्पण, बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि लाला ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की। लाला ने कहा था 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी'। साय ने कहा कि लाला की कही बात सच साबित हुई और उनकी शहादत ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी।

### राम रहीम परोल पर रिहा



**चंडीगढ़।** दो साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार राम चंदर छत्रपति की हत्या को लेकर सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा, सिरसा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को मंगलवार सुबह रोहतक की सुनारिया जेल से 30 दिनों के परोल पर रिहा किया गया। सूत्रों के अनुसार राम रहीम को सिरसा स्थित डेरे में ले जाया गया। वर्ष 2017 से यह 12वीं बार है जब राम रहीम को परोल/फरलो पर रिहा किया गया है और लगभग रिहाई किसी न किसी चुनाव के समय होती है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, जिनके लिए मतदान 05 फरवरी को होना है।

### आरबीआई के तरलता बढ़ाने की घोषणा से चढ़ा बाजार

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ाने के उपाय किये जाने की घोषणा से फरवरी की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद बढ़ने से वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, ऑटो और रियल्टी समेत पांच समूह की कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिनों की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार तेजी पर रहा।

# चुनावी रण में दोनों दलों ने झोंकी ताकत

## मीनल की ओर से बृजमोहन, तो दीप्ति के साथ खड़े दिखे भूपेश













पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दल चुनावी रण में जमकर पसीने बहाते नजर आ रहे है। रायपुर महापौर का चुनाव बेहद ही रोमांचक हो चुका है। इस बार दो ब्राह्मण प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। वैसे तो भाजपा की ओर से महापौर की प्रत्याशी मीनल चौबे को मूणत समर्थक बताया जाता है। वहीं प्रमोद दुबे और भूपेश बघेल की राजनीतिक अदावत जग जाहिर है। फिर भी प्रमोद की पत्नि महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे के साथ चुनावी मैदान पर भूपेश साथ खड़े दिखे। कमोवेश हालात भाजपा के भी कुछ ऐसे ही है। मीनल भले ही मूणत समर्थक कहलाती हैं लेकिन बृजमोहन अग्रवाल चुनावी मैदान में मीनल के साथ खड़े दिख रहे है। बहरहाल दोनों बड़े नेताओं का साथ परिणाम में कितना तब्दील होगा, यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा। नामांकन रैली में जहां भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंची, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे अपने पति प्रमोद दुबे के साथ स्कूटर में सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंची। भाजपा की ओर से हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रैली निकालकर नामांकन दाखिल किया गया। इस दौरान रायपुर संभाग के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा व मोतीलाल साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, नगर निगम रायपुर संगठन प्रभारी संदीप शर्मा, भाजपा नेता अशोक बजाज जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, महामंत्री सत्यम दुआ, ओमकार बैस, जिला मंत्री अमित मैशरी सहित भाजपा के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे की ओर से नामांकन दाखिल करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, रायपुर शहर ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और पूर्व निगम सभापति प्रमोद दुबे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंच गिरने से 7 की मौत 75 से अधिक घायल



पायनियर संवाददाता ⮜ बागपत
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू महोत्सव के लिए बनाया गया लकड़ी का मंच गिर गया, जिसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 75 से अधिक घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र में गांधी रोड पर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो पिछले 25 वर्षों से हर साल आयोजित किया जाता रहा है। महोत्सव के लिए 65 फुट ऊंचा अस्थायी मंच बनाया गया था, लेकिन श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण सीढ़ियां गिर गईं। इससे भगदड़ मच गई और कई लोग मलबे में दब गए। मृतकों में तरसपाल (66), अमित (35), अरुण (48), उषा (24), शिल्पी (24), विनीत जैन (40) और कमलेश जैन (65) शामिल हैं जबकि 15 पुलिसकर्मियों समेत घायलों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि, तत्काल एंबुलेंस की उपलब्धता न होने के कारण कुछ पीड़ितों को ई-रिक्शा में ले जाया गया। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि मिट्टी में नमी और भारी भीड़ के दबाव के कारण मंच की संरचना ढह गई। प्रशासन घटना की जांच कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने बागपत जिला प्रशासन को राहत प्रयासों में तेजी लाने और घायलों के लिए उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## ट्रंप ने भारत से अधिक अमेरिका निर्मित हथियार खरीदने को कहा

वार्ता ⮜ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की ओर से अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने के महत्व पर जोर दिया है। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सार्थक बातचीत की। दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की ओर बढ़ने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नेताओं ने हमारे देशों के बीच दोस्ती और रणनीतिक संबंधों की ताकत को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और हिंद-प्रशांत क्वाड साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया, इस साल के अंत में भारत पहली बार क्वाड नेताओं की मेजबानी करेगा। मोदी ने सोमवार रात को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बात करके खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभप्रद और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में समग्रता और तालमेल पर जोर : जेपी नड्डा

पायनियर संवाददाता ⮜ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में विभिन्न स्तरों पर तालमेल और समग्रता पर जोर दिया जा रहा है। नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्वास्थ्य पर केंद्र सरकार का व्यय निरंतर बढ़ता जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में इसमें 184 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के कई लक्ष्य समय से पहले हासिल किये जा चुके हैं। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के प्रमुख डा राजीव बहल मौजूद रहे।

## महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सस्ती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध कराए सरकार : राघव चड्डा

वार्ता ⮜ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए केंद्र सरकार से सस्ती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। चड्ढा ने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। जब 144 वर्षों के बाद इन दिनों प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आस्था के महापर्व को एयरलाइंस कंपनियों ने अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है।

**ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया**

## भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास पथ की ओर अग्रसर : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ⮜ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है। पीएम मोदी ने जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऐस्परेशन ऑफ इंडिया दोनों है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं, तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं और पिछले दशक में करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया गया है, जिससे देश को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने राज्य को उत्कृष्ट और नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा कि ओडिशा खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, बंदरगाह आधारित विकास, मत्स्य पालन, आईटी, एडुटेक, कपड़ा, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न उद्योगों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके निवेश से अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है। यह ओडिशा में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार शिखर सम्मेलन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 ने पिछले संस्करणों की तुलना में पांच से छह गुना अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। मोदी ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए ओडिशा के लोगों और सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा, पूर्वी भारत देश की प्रगति में एक विकास इंजन है और ओडिशा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक डेटा पूर्वी भारत के उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है, जब भारत ने वैश्विक विकास में प्रमुख भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र की अतीत की प्रमुखता का उल्लेख किया, जिसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र, बंदरगाह और व्यापार केंद्र शामिल हैं, और इस विकास में ओडिशा की ऐतिहासिक भागीदारी की प्रशंसा की। मोदी ने कहा, ओडिशा दक्षिण-पूर्व एशियाई व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था, जिसके बंदरगाह भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते थे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की हाल की यात्रा को याद करते हुए मोदी ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में हैं।



समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वन एवं वन्य प्राणियों
की रक्षा करें।
वनों को
कटने से बचाएं।

वन मण्डलाधिकारी
सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वन एवं वन्य प्राणियों
की रक्षा करें।
वनों को
कटने से बचाएं।

वन परिक्षेत्र अधिकारी
सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व
तिरंगा प्यारा
झंडा ऊंचा
रहे हमारा

कृषि उपसंचालक
जिला-सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी
ये गुलिस्तां हमारा

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी
ये गुलिस्तां हमारा

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व
तिरंगा प्यारा
झंडा ऊंचा
रहे हमारा

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग, सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी
ये गुलिस्तां हमारा

जिला परिवहन अधिकारी
सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व
तिरंगा प्यारा
झंडा ऊंचा
रहे हमारा

कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व
तिरंगा प्यारा
झंडा ऊंचा
रहे हमारा

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी
ये गुलिस्तां हमारा

सहायक आयुक्त
आदिवासी विभाग, सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व
तिरंगा प्यारा
झंडा ऊंचा
रहे हमारा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सूरजपुर




संकलनकर्ता - प्रवीण कृष्ण पाण्डेय, ब्यूरो चीफ सूरजपुर, मो. 70002-43130, 90090-57008

# शान से तिरंगा लहराया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशप्रेम की दिखी झलक

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस का पर्व क्षेत्रभर में धूमधाम से मनाया गया। स्कूल, कालेज और सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये। विधायक कार्यालय और संस्कार वैली विद्यालय भानुप्रतापपुर में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। विधायक सावित्री मंडावी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फैराया गया। मार्चपास्ट पी.टी. एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भानुप्रतापपुर के बस स्टैंड में वार्ड निवासियों के साथ नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने ध्वजारोहण किया। यहां पर प्रतिवर्ष नगर पंचायत की ओर से जनप्रतिनिधि द्वारा ध्वजा रोहण किया जाता था किंतु इस बार नगरी निकाय चुनाव होने के कारण आचार संहिता की वजह से नगर पंचायत की ओर से व्यवस्था नहीं किया गया था जिस वार्ड वासियों में नाराजगी थी। वार्ड वासियों और दुकानदारों ने मिलकर चंदा एकत्रित किया और ध्वजारोहण किया जिसमें जनप्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित रहे। इसी तरह भानुप्रतापपुर तहसील कार्यालय में स्छरूगंगाधर वाहिले ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला सालिहापारा भानुप्रतापपुर में तिरंगा फहराया गया। इसमें मुख्य रूप से सुखविंदर सिंह धुन्ने,तारकेश्वरी नेताम, कुसुमलता शर्मा, कोमरे, जैकी अन्य पालकगण कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर भानुप्रतापपुर में खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर सदेसिंग कोमरे द्वारा धव्ज फहराये व छात्रों को शुभकामना देते हुऐ पढ़ाई पर विशेष जोर दिये। इस अवसर पर मावा मोदोल प्रभारी धर्मराज कोरेटी,हेमलाल बेलसरिया,बड़े बाबू नितेश कोडोपी,रमेश पोया,प्रवीण रामटेके,सहायक निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर कार्यलीन स्टाप एवं कोचिंग प्राप्त करने वाले छात्र -छात्रा मौजूद थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में लोकतंत्र के महापर्व में 76 वे गणतंत्र दिवस पर खंड चिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर डॉ. ए.के.ध्रुव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। भानुप्रतापपुर में शिवसेना द्वारा बड़े हर्षोल्लाह उसके साथ गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर ध्वजारोहण देश में गणतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला कोटपारा में प्रभात फेरी निकल गई इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया। ग्रामवासी शाला के समिति अध्यक्ष अजय नरेटी राजेश उसेन्डी मनोहर नेताम हेमन्त नरेटी संतलाल नरेटी मिश्रीलाल नरेटी आत्मा दुग्गा धिराजी नेताम जयलाल नेताम प्रेमसिंह नरेटी अकतु नेताम तथा पालकगण शिक्षक समस्त द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला कोटपारा प्राधानपाठक अशोक कुमार नेताम पिन्की मंडल कुमारी भगवती ठाकुर और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटपारा कचन लता वैद्य विभा ठाकुर गोरख नाथ ध्रुव राकेश तिवारी एवं आंगनबाडी केन्द्र कोटपारा गनेशा दुग्गा अन्य महिलाओ भी उपस्थित रहे।

### यूथ क्लब ने मनाया गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के दिन जहां पूरे देश ने तिरंगा झंडा फहराया तथा जश्न मनाया। वहीं महाराजधिराज भानुप्रताप देव चौक भानुप्रतापपुर में विशाल तिरंगा फहराया गया।भानुप्रताप देव चौक में विशाल तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नगर के यूथ क्लब द्वारा आयोजित किया गया,जिसमें भानुप्रतापपुर के सभी नगरवासी सहभागी बने विशाल तिरंगा ध्वज को नगर पंचायत में काम करने वाली सफाई कर्मी महिलाओं के हाथों फहराया गया।नगर के हृदय स्थल में इस प्रकार राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम होने और विशाल तिरंगा झंडा को लहराते देख वहां उपस्थित सभी नागरिक एवं आमजन भावुक हो उठे, कुछ के आंखों में आंसू तक आए। विशाल तिरंगा झंडा फहराने के पश्चात डीजे की धुन में भव्य बाइक रैली तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में तिरंगा हाथों में लिए लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तिरंगा यात्रा के अंत में भानुप्रतापदेव चौक में रख कर डीजे की धुन में डांस एवं भारत माता की जय वंदे मातरम के जय घोष के साथ युवाओं ने जमकर जश्न मनाया।

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन एवं समय-सीमा के अंतर्गत लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली और सहकारी समितियों के गठन में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों को सहकारी समितियों के लाभ के प्रति जागरूक करने और विशेष रूप से महिलाओं को समितियों में शामिल कर उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एनएसएस, एनसीसी और समूह की महिलाओं के माध्यम से विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए।

### जनदर्शन में सुनें नागरिकों की समस्याएं

समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। ग्राम चेरबेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के प्राथमिक शाला में एकमात्र शिक्षक हैं, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने इसके समाधान हेतु उन्होंने और शिक्षक नियुक्ति की मांग की। साथ ही ग्राम बनसिरसी के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी संचालन के लिए नए भवन की मांग रखी। इसके अलावा जनदर्शन में विभिन्न मांगों और शिकायतों से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने उनके समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जवानों के लिए प्रकृति परीक्षण कैंप आयोजित किया गया

**नारायणपुर।** संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के आदेशनुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ सत्येंद्र नाग के निर्देशन में आयुष विभाग नारायणपुर द्वारा आइटीबीपी जेलबाडी नारायणपुर के मेडिकल आफिसर डॉ पवन के सहयोग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों एवं वॉलिंटियर्स द्वारा आइटीबीपी कैंप शांति नगर नारायणपुर एवं जेलबाडी के जवानों के लिए प्रकृति परीक्षण कैंप आयोजित किया गया। डाक्टरों की टीम द्वारा सभी जवानों का आयुर्वेदिक विधा के अन्तर्गत प्रकृति परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य के देखभाल आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला सह समन्वयक डा. बीना खोबरागड़े ने प्रकृति परीक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति एप में आपके शरीर की प्रकृति फीड होने के बाद आपके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रकृति एप आपको ऋतुओं के अनुसार जीवन शैली से अवगत कराता रहेगा। अभी प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत फील्ड में तैनात सैनिक व अर्ध सैनिक बलों के जवानों का 31 जनवरी तक प्रकृति परीक्षण किया जाना है।

# गुंडाधुर महाविद्यालय में हुआ कम्प्यूटर साक्षरता कार्यशाला आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के निर्देशन तथा आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय कंप्यूटर साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ खासकर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कंप्यूटर दक्षता में वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित की गई जिसमें प्रथम दिवस में कंप्यूटर साइंस विभाग की अतिथि प्राध्यापक वेंकटेश्वरी देवांगन ने कंप्यूटर की प्रारंभिक जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे और तीसरे दिन क्रमशः राजेंद्र कोर्राम और प्राध्यापक समलेश पोटाई ने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड के बारे में बेसिक से एडवांस तक जानकारी साझा की। प्राध्यापक नसीर अहमद ने कार्यशाला के चौथे दिन माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर काम करने बारे में बड़े ही रोचक तरीके से शॉर्ट कट्स के साथ जानकारी दी। डॉ. आकाश वासनीकर ने कार्यशाला के पांचवे दिन ऑनलाइन एआई टूल्स के बारे में सभी की जानकारी को अद्यतित किया।

# झिटकू-मिटकी की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म राजा खान का अनोखा प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




पहली बार बस्तर का गौरव, बस्तर का गर्व सिनेमा के रुपहले पर्दे पर देखिए छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और ऐतिहासिक घटनाओं को फिल्मी पर्दे पर लाने का प्रयास जारी है। इसी कड़ी में फिल्म निर्देशक राजा खान झिटकू-मिटकी की सच्ची घटना पर आधारित एक फिल्म लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपराओं और इतिहास को दुनिया के सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। यह फिल्म 7 फरवरी को रिलीज होने जा रही हैं, जबकि इसका ट्रेलर 20 दिसंबर 2024 को विभिन्न सिनेमाघरों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जारी किया गया। राजा खान ने बताया कि, फिल्म झिटकू-मिटकी की कहानी छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र की 300 साल पुरानी परंपराओं और प्रथाओं से प्रेरित है।

**इतिहास पर आधारित पटकथा** - इस फिल्म की कहानी तैयार करने में दो साल से अधिक का समय लगा। राजा खान और उनकी टीम ने बस्तर के आदिवासी समुदायों के इतिहास, रीति-रिवाजों और सामाजिक संरचनाओं पर गहन शोध किया। उन्होंने इस दौरान उन ऐतिहासिक पात्रों की प्रामाणिकता को सुनिश्चित किया, जो बस्तर की पौराणिक कथाओं में दर्ज हैं। फिल्म में झिटकू का किरदार लालजी कोर्राम और मिटकी का किरदार मुंबई की जानी मानी एक्ट्रेस लवली अहमद ने निभाया है। निर्देशक राजा खान ने कहा कि इस फिल्म का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना है।

**निर्माण में कठिन परिश्रम** - राजा खान ने बताया कि, फिल्म का निर्माण काफी चुनौतीपूर्ण रहा। वास्तविक स्थानों पर शूटिंग के दौरान आदिवासी संस्कृति के गहरे अनुभव को फिल्माया गया। फिल्म की तकनीकी गुणवत्ता पर भी खास ध्यान दिया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर बनेगी छत्तीसगढ़ की पहचान-** फिल्म झिटकू-मिटकी न केवल छत्तीसगढ़ के दर्शकों को, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों को आकर्षित करने का प्रयास करेगी। इस फिल्म से छत्तीसगढ़ की अद्वितीय संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को विश्व मंच पर नई पहचान मिलेगी। राजा खान ने इस फिल्म को निर्देशित किया है और इसकी पटकथा भी स्वयं लिखी है। उन्होंने उम्मीद जताई हैं की दर्शक फिल्म को पसंद करेंगे और यह छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के प्रचार-प्रसार में मील का पत्थर साबित होगी।

**फिल्म का उद्देश्य** - इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य हैं छत्तीसगढ़ के इतिहास को एक नए दृष्टिकोण से पेश करना और आदिवासी समुदाय की उन कहानियों को जीवंत करना, जो अब तक पर्दे के पीछे रही हैं। इसके साथ ही दर्शकों के भरपूर मनोरंजन के लिए भी यह फिल्म जानी जाएगी। फिल्म में ड्रामा, हास्य, कर्णप्रिय गीत संगीत और भावनाओं का ज्वार भाटा है, जिसमें दर्शक हर पल डूबे रहेंगे।

# नगर पंचायत चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





भानुप्रतापपुर में चुनाव बेहद ही दिलचस्प होने वाली हैं भानुप्रतापपुर नगर पंचायत एक हाईप्रोफ़ाइल सीट माना जाता है। इस बार चुनाव बेहद दिलचस्प होने जा रहा है क्योंकि एक तरफ भाजपा से पूर्व अध्यक्ष रह चुके निखिल सिंह राठौर चुनावी मैदान में है तो दूसरी ओर कांग्रेस में राजनीतिक अनुभव रखने वाली भगवती गजेंद्र पूरी तैयारी के साथ चुनावी रण में उतरी हैं अब देखना होगा आखिर जीत का ताज किसके सर पर सजता है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न** : भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद अनारक्षित होने पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर का नाम फाइनल कर अधिकृत रूप से घोषित कर दिया गया है। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर जश्न मनाया।आपको बता निखिल सिंह राठौर के नाम को हरी झंडी मिलने की संभावना जताई जा रही थी जिस पर आज पार्टी नेतृत्व ने मुहर लगा दी। पहले भी भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद का संभाल चुके हैं। पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाकर अब दूसरी पारी के लिए मौका दिया है। राठौर ने कहा विकास के मुद्दे पर इस बार भी चुनाव लड़ेंगे। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और विकास को लेकर आम जनता तक जाएंगे। उन्होने कहा भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी वार्ड क्रमांक एक से लेकर वार्ड 15 तक के भाजपा के सभी प्रत्याशियों को भी जीत दिलाएंगे।उनके कार्यकाल में नगर में अनेक विकास कार्य पूर्ण हुए हैं। सभी वर्ग में उनकी समान रूप से स्वीकार्यता और संगठन में सक्रियता की वजह से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके नाम पर हरी झंडी देते हुए घोषणा की। राजनैतिक की शुरुआत करने वाले राठौर भाजपा की सक्रिय राजनीति में रहते हुए संगठन के भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

**भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने किया भगवती गजेंद्र को प्रत्याशी घोषित** - कांग्रेस ने कई बार रायशुमारी करने के बाद भगवती गजेंद्र को अध्यक्ष के लिए अपना प्रत्याशी बनाया। तमाम कयास दरकिनार हो गए और आखिर में गजेंद्र ने ही टिकट के लिए बाजी मारी। लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े रहने और एक दमदार कांग्रेस नेत्री के नाम से जानी पहचानी जाती है जिसके फलस्वरूप पार्टी ने उनकी मेहनत और संघर्ष के रूप में टिकट दिया है।

### कांग्रेस के भगवती गजेंद्र ने नगर अध्यक्ष बनने के लिए किया नामांकन दाखिल, गाजे बाजे के साथ बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में नगर अध्यक्ष बनने की जंग तेज हो गई है सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी भगवती गजेंद्र समेत वार्ड 15 के कांग्रेस प्रत्याशियों ने गाजे बाजे के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमे विधायक सावित्री मंडावी समेत प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, पूर्णचंद्र पाढ़ी और कई कांग्रेस पदाधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों समेत उत्साही कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। पार्षद पद के प्रत्याशियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद थे।नामांकन दाखिले के साथ ही चुनावी सरगर्मी अपने पूरे शबाब पर पहुंच गए है।

**भाजपा शासन काल के एक वर्ष में ही सभी वर्ग त्रस्त हो चुकी है** - इस मौके पर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा भाजपा शासन काल के विगत 1 वर्ष में ही आम जनता त्रस्त हो चुकी है किसान से लेकर हर वर्ग के लोग परेशान हैं। हमारे शासनकाल में नगरीय निकाय से लेकर ग्राम पंचायतो में बहुत ज्यादा विकास हुआ है आम जनता कांग्रेस शासन पर भरोसा रखती है।

# किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को सम्पन्न होने हैं। जिसके लिए 28 जनवरी नामांकन दाखिल करने के लिए अंतिम तिथि तय किया गया था। मंगलवार दोपहर 03 बजे तक किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए 03 राजनैतिक दल एवं 03 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिला किया।बता दें नगरपालिका कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर व रिटर्निंग ऑफिसर लोकांश एल्मा के समक्ष भाजपा से रूबी शैलेंद्र सिंह, कांग्रेस से राजेन्द्र मृणाल राय, सीपीआई से निर्मला राणा के साथ निर्दलीय मीरा तिवारी, लक्ष्मी देवी एवं चाइना सरकार ने नामांकन दाखिल किया।

## नेतृत्व, सेवा और सम्मान का भव्य जेसीआई उत्सव संपन्न, संयम गोलछा बने अध्यक्ष, युवाओं ने समाज-सेवा की ली शपथ

# मानव सेवा का एक छोटा-सा कार्य, हजारों भाषणों से अधिक महत्वपूर्ण है : डॉ. राजाराम त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







जेसीआई जोन 9 के अंतर्गत जेसीआई कोंडागांव स्टार द्वारा आहूजा पैलेस के सभागार में शपथ ग्रहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्था के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक योगदान, और नेतृत्व विकास के उद्देश्य को प्रतिबिंबित करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य एवं प्रख्यात कृषिविज्ञानी डॉ. राजा राम त्रिपाठी उपस्थित थे। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, मानव सेवा का एक छोटा-सा कार्य, मानव सेवा पर दिए गए हजारों भाषणों से अधिक महत्वपूर्ण होता है। जेसीआई जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठन ने युवाओं को नेतृत्व और सामाजिक दायित्व की ओर प्रेरित कर उन्हें समाज सेवा की दिशा में अग्रसर किया है। इस अवसर पर जेसीआई जोन 9 के शपथ अधिकारी, जेसीआई सेन. स्वराज तेम्भे ने जेसीआई कोंडागांव स्टार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष 2025 जेसी सयंम गोलछा और उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई तथा नये जेसीआई सदस्यों और नये पदाधिकारियों में जोश भरने का कार्य भी किया। अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान 2024 की अध्यक्ष जेसी डॉ. नीता मिश्रा ने संस्था की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख करते हुए नई टीम को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2023 की जेसीआई प्रथम अध्यक्ष, जेसी डॉ. शिल्पा देवांगन को उनकी विशिष्ट योगदान हेतु और अन्य गणमान्य सदस्यों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले सदस्यों को भी पुरस्कार प्रदान कर उनकी सेवाओं का अभिनंदन किया गया। इस कड़ी में नगर के आराध्यम तथा नारायणपुर के दर्शनम प्रतिष्ठा की प्रमुख उद्यमी सुरभि बाफना को भी विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में बड़ी संख्या में जेसीआई सदस्य, जेसीआई जगदलपुर से आए जेसीआई के आमंत्रित पदाधिकारी एवं सदस्य, मद्दी, ऋषभ, हेलीवाल सहित गणमान्य नागरिक, युवा, और समाजसेवी शामिल हुए। कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश और डॉ. संध्या सिन्हा, प्रमुख समाजसेवी भीखम चंद गोलछा, शांतिलाल गोलछा, ऋषम जैन, ज्योति जैन, विनोद बाफना, सुरभि बाफना, इंदल सोनी और संध्या सोनी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन जेसी लीना नेताम ने किया। इस आयोजन की व्यवस्था में एलओ कोऑर्डिनेटर जेसी सेन. पुष्पेंद्र सचान, सचिव एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी सयंम गोलछा, कार्यक्रम समन्वयक जेसी पूनम पाणिग्रही, एलओ प्रभारी जेसी सेन, कुंदन साहू, अशोक बघेल, हर्षा गोलछा, पंकज द्विवेदी, शिखा गोलछा, और अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन समाज सेवा और नेतृत्व के प्रति समर्पण के संदेश के साथ हुआ। जेसीआई कोंडागांव स्टार ने इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के विकास की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाया है।

# निखिल सिंह राठौर ने पार्टी के प्रति जताया आभार




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष के पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से निखिल सिंह राठौर को अपना प्रत्याशी नियुक्त किया है। पार्टी के प्रति आभार जताया है। प्रेसवार्ता के दौरान निखिल सिंह राठौर ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश, जिला एवं स्थानीय कमेटी का आभार व धन्यवाद देता हूँ, मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को दूसरी बार भरोसा जताया है। नगर के जनता का 2014 में आशीर्वाद मिला था, इन पांच वर्षो ने नगर का सतत विकास हुआ। प्रेस के माध्यम से जनता का पुनः आशीर्वाद लेने आया हूँ। आप सभी लोगो से निवेदन है कि एक बार पुनः सेवा करने का अवसर प्रदान करेंगे। विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि आप लोगो कि भावना में खरा उतरने का प्रयास करूंगा। नगर में छोटी छोटी बहुत सारी समस्याएं है जिन्हें हम सभी कार्यकर्ता मिलकर सुलझाने का प्रयास करेंगे। अंत मे उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है। नगर में भी भाजपा के अध्यक्ष व सभी 15 वार्डो में कमल का फूल खिलाएंगे। नरोत्तम सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश, व संभागीय स्तर के संयोजक विधायक विक्रम उसेंडी ने अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डो के प्रत्याशियों का चयन किया है जो योग्य है। पिछले पाँच वर्षों में कांग्रेस के कार्यकाल में छूटे हुए कार्यो को पूरा करते हुए नगर विकास को एक नया दिशा प्रदान करेंगे। पार्टी का नारा है सबका साथ, सबका विश्वास व सबका विकास। हम ही बनाये है हम ही संवारेंगे।

# अध्यक्ष एवं पार्षद पद के सभी पंद्रह प्रत्याशियों ने विधायक अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में भरा नामंकन



पायनियर संवाददाता कुरूद
www.dailypioneer.com

हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, इस सूत्रवाक्य का अनुसरण करते हुए निकाय चुनाव के लिए भाजपा के अधिकृत अध्यक्ष एवं पार्षद पद के सभी पंद्रह प्रत्याशियों ने विधायक अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामंकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व मंदिर में पूजा-अर्चना कर पार्टी नेता कार्यकर्ता एवं नागरिकों संग बाजे-गाजे राउत नाचा, पंथी नृत्य के साथ जीत का जयकारा लगाते हुए भव्य रैली निकाली गई। अध्यक्ष पद की उम्मीदवार ज्योति भानु चन्द्राकर ने रास्ते भर नगरवासियों से आशीर्वाद लिया। पिछले चुनाव में हुई गलती को सुधारते हुए इस बार भाजपा ने प्रत्याशी चयन के नके पूर्व काफी होमवर्क किया। सोशल इंजीनियर एवं जीत की संभावना रखने वाले सक्रिय एवं साफ छवि के अध्यक्ष सहित 15 पार्षद पद के उम्मीदवार तय किए गए हैं। नगर पंचायतकुरूद में भाजपा ने इस बार अपनी सबसे अनुभवी महिला नेत्री ज्योति भानु चन्द्राकर को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 1 में पूर्व नपं उपाध्यक्ष मोहन में 4 अग्रवाल को टिकट दी गई है। वार्ड 2 लोकेश जांगड़े, वार्ड 3 में नवीन यादव, वार्ड में महेन्द्र गायकवाड़, वार्ड 5 में पूर्व पार्षद मिथलेश बैस, वार्ड 6 में सितेश सिन्हा, वार्ड 7में सुरेखा चंद्राकर, वार्ड 8 में रवि मनिकपुरी, वार्ड 9 में कविता चंद्राकर, वार्ड 10 में कमलेश ध्रुव, वार्ड 11 में राजकुमारी ध्रुव, वार्ड 12 में पूर्व पार्षद भारती पंचायन, वार्ड 13 में उत्तम साहू, वार्ड 14 में पूर्व पार्षद विनोद चंद्राकर वार्ड 15 में अनुराधा साहू को उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को इन सभी ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जाकर अपना पर्चा दाखिल कियाइसके पुर्व सभी भाजपा प्रत्याशियों ने विधायक अजय चन्द्राकर की मौजुदगी में बजरंग मंदिर एवं चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। ततपश्चात यहां नामकन रैली निकाली गई, जो थाना चौक, पुराना बाजार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। इस दौरान एलपी गोस्वामी, निरंजन सिन्हा, कमलेश ठोकने, अनिल चन्द्राकर, भूपेन्द्र चन्द्राकर, रविकांत चन्द्राकर, कृष्णकांत साहू, मालकराम साहू, कुलेश्वर चन्द्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, विजय केला, खिलेन्द्र, भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, भूपेंद्र सिन्हा, प्रसन्न नायडू चन्द्रशेखर, कमलेश, नंदकुमार चन्द्राकर, भारतभूषण पंचायन, सुनील चन्द्राकर, कमल शर्मा, कमलेश रेड्डी, प्रकाश चैनवानी, खिल्लु देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित थे।

# आदर्श पब्लिक विद्यालय में हुआ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आदर्श पब्लिक विद्यालय छुहिया स्थित परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया इस अवसर पर शाला के संचालक आकाश अग्रवाल, डॉ. अलका अग्रवाल एवं आदेश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। साथ ही सभी उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्र गान गाकर देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान व देश प्रेम की भावना प्रकट की गई। इसके पश्चात संचालक आकाश अग्रवाल, डॉ अलका अग्रवाल, आदेश अग्रवाल और विद्यालय की प्राचार्या सुनीता बहादुर द्वारा भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर संचालक आकाश अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों तथा परिसर में उपस्थित अभिभावकगण को बधाई व शुभकामनाएं दी और गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया। साथ ही डॉक्टर अलका अग्रवाल, आदेश अग्रवाल के द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी गई। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति से संबंधित गानों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शाला की प्राचार्या सुनीता बहादुर द्वारा भाषण देते हुए गणतंत्र दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात शाला के विभिन्न प्रतिस्पर्धा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले विद्यार्थियों को मैडल और प्रमाण पत्र दिया गया। हमारे विद्यालय के छात्र राजनांदगांव में आयोजित ओपन स्टेट चैंपियन में भाग लिया यादिश वर्मा कक्षा तीसरी काता, कुमाइट में कांस्य पदक प्राप्त किया, मृत्युंजय साहू कक्षा 8 से कुमाइट में कांस्य पदक प्राप्त किया, चैतन्य देवांगन कक्षा आठवीं ने कुमाइट में कांस्य पदक प्राप्त किया, अरनव साहू कक्षा 9वी ने कुमाइट में कांस्य प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया इन सभी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गई। अंत में शिक्षिका ऐश्वर्या के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# धमतरी फ्लैक्स यूनियन ने जारी की फ्लैक्स बैनर की अनुमोदित दर सूची



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

विदित है कि पूरे छत्तीसगढ़ में चुनावी माहौल प्रारंभ हो चुका है, जिसके मद्देनजर जिला धमतरी फ्लैक्स एसोसिएशन ने अपने यूनियन द्वारा फ्लैक्स प्रिंटिंग का अनुमोदित दर सूची जारी कर दी है। जिला धमतरी फ्लैक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पिंकू जागेंद्र साहू ने बताया कि फ्लैक्स मटेरियल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उसके बावजूद भी हमारे यूनियन द्वारा रेट नहीं बढ़ाया गया है। पहले की तरह पुराने दर को ही यथावत रखने का निर्णय लिया गया है क्योंकि खासतौर से पहली बार नगर पंचायत, नगर निगम एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ होने के कारण बहुत अधिक काम आने की संभावना है। संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी के द्वारा एकमत होकर पूरे धमतरी जिले में फ्लैक्स बैनर की कीमत ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उचित दर तय किया गया है। संगठन के तय कीमत से बाहर जाकर कोई भी व्यापारी कार्य नहीं करेगा। यह बात संगठन की बैठक में तय की गई और आज धमतरी जिले के सभी प्रिंटर्स की दुकानों में जाकर अनुमोदित दर सूची को संगठन पदाधिकारीयों द्वारा सभी फ्लैक्स व्यापारियों को दुकान में लगाने हेतु प्रदान की गई। 26 जनवरी 2025 से बैनर फ्लैक्स की नई संशोधित दर धमतरी जिले के सभी ग्राहकों के लिए प्रभावी है।

# श्री सीमेंट संयंत्र में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



श्री सीमेंट प्लांट बलौदाबाजार के आवासीय परिसर में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के इकाई प्रमुख विजय अग्रवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रगान एवं मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मचारी, श्रमिक, यूनियन पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इकाई प्रमुख विजय अग्रवाल ने समारोह में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात उन्होंने अपने समाज और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासन के साथ एकजुट होकर कार्य करने से ही हमारे संस्थान और देश का विकास तीव्र गति से हो रहा है। संयंत्र की निरंतर प्रगति की कामना करते हुए उन्होंने सभी कर्मचारी एवं श्रमिकों से निष्ठा, लगन व परिश्रम से काम करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने संस्थान के उत्पादन क्षमता इत्यादि के बारे में जानकारी साझा की। संस्थान को सहयोग प्रदान करने हेतु उन्होंने शासन-प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं यूनियन प्रतिनिधियों की प्रशंसा करते हुए आभार जताया। इसके पश्चात उन्होंने बांगड़ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं, सृजन लेडिज क्लब एवं कर्मचारियों के द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संस्थान में 25 वर्षों से कार्यरत अधिकारी आरिफ मोहम्मद मैकेनिकल विभागाध्यक्ष को इस अवसर पर शॉल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को इकाई प्रमुख विजय अग्रवाल व सृजन लेडिज क्लब की प्रमुख श्रद्धा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संयंत्र के क्लसटर हेड मानव संसाधन विनय दुबे, महाप्रबंधक पावर प्लांट अक्षय जैन, प्रोजेक्ट हेड वी.डी.सिंह सहित अनिल पाठक, मनोज जैन, मनोज शर्मा, बी.एस. छिप्पा, अभिषेक चौहान, चेतन सोमानी, चेतन कपाही, अमित चौहान, धनपत जैन, डॉ. संतोष कुमार, विमल झा, राजेंद्र सिंह सोढा, सुनील जोशी, अंकुश सक्सेना, रितेश भोंगड़े, भवतोष दास, नरेन्द्र नागदा, मुकेश देवांगन, मोहम्मद तबरेज, लाल बहादुर, जोबनजीत, राघवेंद्र तिवारी, मनोज कर, लोकनाथ, प्रहलाद दीक्षित, अजय तिवारी, कामेंद्र वर्मा, नीरज परगनिया, सचिन मालव, रामकरण पटेल, ज्योति व आंचल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव द्विवेदी वह धन्यवाद ज्ञापन अनिल पाठक ने किया।

# पीजी कॉलेज में हुआ तनाव से मुक्ति एवं प्रसन्नता से शक्ति विषय पर व्याख्यान

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com





बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में आईक्यूएसी के तहत 27 जनवरी को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक की अध्यक्षता एवं आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ सरला द्विवेदी के मार्गदर्शन में मैनेजिंग स्ट्रेस बाय आर्ट ऑफ बीइंग हैप्पी पॉजिटिव विषय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े प्रो. ई व्ही गिरीश, डायनेमिक ट्रेनर एंड काउंसलर मुंबई के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रो गिरीश लोगो को प्रेरित करने की अद्वितीय विधियों और क्षमता के लिए उद्योग जगत में मशहूर है। आप 29 सालों से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े हुए है। वर्तमान में आप रोट्रीयन है। आपने प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आई एस आर ओ तारापुर, आईआईटी पटना एवं भारतीय सेना के अलावा अनेक संस्थानों में मोटिवेशनल ट्रेनिंग दी है। कार्यक्रम में प्रो गिरीश ने खुशी और आनंद के मध्य के अंतर को बड़े ही सरल शब्दों में एक अच्छा उदाहरण देकर समझाया। आपने बताया कि हमारा मस्तिष्क जैसा हम सोचते है वैसा ही कार्य करता है। इसे आपने स्वप्न का उदाहरण देकर समझाया। आगे कहा कि हमें जो करना जरूरी है जैसे छात्र छात्राओं को पढ़ना लिखना जरूरी है। वैसे ही अपने सभी कार्यों को खुश होकर और सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए, ताकि उसका परिणाम भी सकारात्मक आए। आपके उदबोधन के दौरान पूरे समय कार्यक्रम में आनंद और खुशी का माहौल रहा। आपने अपने उद्बोधन में सभी को प्रेरित किया। आगे कहा कि हमेशा हमें मुस्कुराते रहना चाहिए। प्रो गिरीश के साथ कामिनी भी प्रवक्ता के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ सरला द्विवेदी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रो निशा तिवारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पंचायत चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने क़ी कार्यवाही का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तैयारी क़ा जायजा लिया। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित मास्टर ट्रेनर क़ो नियमानुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में बनाए गये पूछताछ कॉउंटर एवं नाम निर्देशन प्रपत्र काउंटर में कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो क़ी जानकारी ली। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र के लिए अलग-अलग वर्गो के लिए निर्धारित शुल्क लेने कहा। इसके साथ ही काउंटर में निर्धारित शुल्क का विवरण चस्पा करने के भी निर्देश दिए। इसी तरह नाम निर्दशन पत्र जमा करने हेतु अभ्यर्थी प्रवेश के लिए बेरीकेटिंग के पास एरो का निशान चस्पा करने कहा। उन्होंने नाम निर्देशन सहित अन्य कार्यवाही के लिए स्टैण्डर्ड चेक लिस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद हेतु सोमवार 27 जानवरी 2025 से नाम निर्देशनपत्र जमा करने क़ी कार्यवाही शुरू हो गई है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# मुजगहन के व्यायाम प्रदर्शन को मिली सराहना



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुजगहन के विद्यार्थियों ने 26 जनवरी 76वाँ गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्य समारोह आयोजन स्थल पर शानदार सुसज्जित वेशभुषा और उपकरणों के साथ व्यायाम प्रदर्शन किया। इस समारोह में उपस्थित दर्शक गण, अधिकारी, कर्मचारी, निर्णायकगणों ने स्नेह पूर्ण भूरी भूरी सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल द्वारा विद्यार्थी सम्मानित हुए। प्राचार्य नवीन साहू के संरक्षण में एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक राजकुमार सिन्हा के निर्देशन में यह प्रदर्शन पूर्ण हुआ। विद्यालय के समस्त शिक्षक शाला विकास समिति और ग्रामीणजनों ने शुभाशीष प्रदान किया।

# खरेंगा विद्यालय में शान से लहराया तिरंगा



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकतंत्र के महान पर्व पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा धमतरी में तिरंगा शान से लहराया। संस्था के प्राचार्य अनीता वैद्य के द्वारा विद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों व सदस्यगण, विद्यालय के स्काउट गाइड रोवर रेंजर, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी स्वयंसेवक एवं ग्राम पंचायत पदाधिकारी एवं ग्राम समिति के पदाधिकारी व समस्त ग्राम प्रबुद्ध नागरिकजन उपस्थित थे। प्रमुख सहयोगी शेषनारायण गजेंद्र कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, वीरेंद्र यादव, प्रभु लाल सिन्हा, नीतू शर्मा, मनेश्वरी वर्मा, अंशिता पचौरी, लेखनी साहू, मिथिलेश कुमार रत्नाकर, कैलाश सिन्हा, मनोज साहू, दीपक निषाद, उमेश सिंह उइके आदि उपस्थित थे। संचालन मुकेश कुमार सोनकर, किरण निषाद, पुरुषोत्तम ने किया।

# पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर नरेन्द्र पटेल, प्रेमलाल नायक, धर्मेन्द्र पटेल, देवेश, जयबन पटेल, भारत पटेल, कमलदेव पटेल, पीताम्बर पटेल के द्वारा तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना की गयी, तत्पश्चात हेमकुंवर रमेश पटेल द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। गाँव के बुजुर्ग जनों चिंता यादव, रामभरोष हरप्रसाद, धनेश्वर, शाखाराम,जिन्होंने बच्चों को डंडा नृत्य विधा मे पारंगत किया, उनको शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक द्वारा उद्बोधन मे समस्त ग्रामवासियो सहित बच्चों, पालकों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई। मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति हुई, उक्त जानकारी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निलकुमार पटेल द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत कसडोल के पारस नगर सेक्टर 1 निवासी विशाल साहु पिता रमेश साहु, बजरंग चौक कसडोल निवासी अनिल तिवारी पिता गोरेलाल तिवारी एवं थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत परसाभदेर निवासी महेश्वर उर्फ़ डी.के. पिता गणेश राम टंडन को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीपी देवांगन, अध्यक्षता डॉ. बीपी साहू संरक्षक, विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय अग्रवाल सह व्यथापक, पुरुषोत्तम अग्रवाल संयोजक मारवाड़ी युवा समिति से नवरतन अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, विकास अग्रवाल उपस्थित रहे। उपर्युक्त कार्यक्रम क़ो सफल बनाने में प्राचार्य कमल लोचन स्वर्णकार, प्रधानाचार्य मोती लाल यादव, वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र सेठ जिन्होंने पुरे कार्यक्रम का संचालन किये इनका विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा साथ ही के सभी आचार्य एवं दीदियो का भरपूर सहयोग रहा। यह जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख नयन श्रीवास नें दिया।

# कसडोल के वनांचल ग्रामों में हुआ विशेष कुष्ठ सर्वे, सत्यापन और उपचार कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में कुष्ठ रोग के लिए संवेदनशील ग्रामों में विशेष जाँच एवं मरीजों के सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड कसडोल के सेक्टर रिकोकला तथा राजादेवरी के 9 ग्रामों छाता, नगरदा, मानदीप, कुरमाझर, चाँदन, सुखरी, कुशगढ़, कुश भाठा, थरगांव जो कुष्ठ रोग की दृष्टि से संवेदनशील हैं, विशेष कुष्ठ सर्वे, सत्यापन और उपचार कार्य संपादित किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि उक्त विशेष सर्वे में कुल 6441लोगों का सर्वे हुआ। जिसमें से 89 कुष्ठ शंकाप्रद पाए गए। कार्यक्रम में स्थल पर ही चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। सभी का परीक्षण कर सत्यापन किया गया जिसमें से 12 केसों की पुष्टि हुई। इसमें 4 पीबी और 8 एमबी के केस हैं। सभी को दवाई भी दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि इस विशेष सर्वे को इस प्रकार से डिजाइन किया गया कि पाँच ब्लॉक के बीएमओ, बीपीएम और हर ब्लॉक से चिकित्सा अधिकारियों और एन एम ए को भी सम्मिलित किया गया। यह टीम सर्वे ग्रामों में सुपरविजन करते हुए शंकाप्रद मरीजों का सत्यापन करती गई। सर्वे में मितानिन, कसडोल के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सुपरवाइजर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक सम्मिलित रहे। गौरतलब है कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जिसका संक्रमण धीरे-धीरे होता है। उपचार न करवाने की दशा में शरीर के अंगों में स्थाई विकृति आ जाती है। शरीर में संवेदनहीन चकत्ते, आँखों की पलकों में खराबी, त्वचा का मोटा होना ये कुछ लक्षण कुष्ठ के हैं। 6 से 12 माह तक एम.डी.टी. दवाई का उपचार लेकर इससे मुक्त हुआ जा सकता है। सर्वे में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा सहित सभी बीएमओ डॉ बी. एस. धुव, डॉ राजेंद्र माहेश्वरी, डॉ अभिजीत बैनर्जी, डॉ पारस पटेल, डॉ रवि शंकर अजगल्ले एवं कुष्ठ नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बाँधे और सलाहकार श्वेता शर्मा, आलोक कुमार दुबे एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

# एसआर हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया देश का गणतंत्र दिवस

## सुरक्षा बल व भारतीय रेलवे व छत्तीसगढ पुलिस, डाक्टरों व समाज सेवियों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




एसआर हॉस्पिटल एण्ड कालेज में 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमा सश्स्त्र बल के कमाण्डेंट शंकर प्रसाद बर्नवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा सश्स्त्र बल के डिप्टी कमाण्डेंट शैलेस ने किया। मुख्य अतिथियों ने गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया। इस मौके पा अस्पताल प्रबंधन एंव अतिथियों द्वारा सेवा कर्तव्य निष्ठा देशभक्ति के लिए बुध्दसेन शर्मा सेवानिवृत्त थाना प्रभारी छत्तीसगढ पुलिस, आर्मी से सेवा निवृत्त राजेश चौधरी व रत्नेश तिवारी का साल श्रीफल एंव प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अस्पताल के चेयरमैन संजय तिवारी एंव डायरेक्टर अजय तिवारी का डॉक्टर विनिता ध्रुव द्वारा 140 से ज्यादा सुरक्षित जुडवा बच्चों की डिलिवरी कराए जाने व लिम्का बुक ऑफरिकार्ड्स में नाम दर्ज होने पर इनका साल, श्रीफल व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। डॉक्टर अर्चना मेथाइल्स द्वारा कोविड में अपनी जान की परवाह ना करते हुए मरीजों की जान बचाई एंव उनके द्वारा विदेशो के अस्पताल में सेवा प्रदान कर भारत माता का नाम रोशन किया गया। इसके लिए इनका भी श्रीफल एंव प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा समाज सेवा के क्षेत्र में त्रिलोचन सिंह एंव विष्णु पाठक का श्रीफल एंव प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा एसआर हॉस्पिटल एण्ड कालेज चिखली की भुरी भुरी प्रंशसा करते हुए कहा कि आप सभी सीमा सशस्त्र बल के बारे में इतना सोचते हैं, यह देखकर अत्यधिक प्रंशसा हुई। संस्था के चेयरमैन संजय तिवारी ने अपने उदभोदन में कहा कि हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बडा व विश्व में लिखा गया सर्व श्रेष्ठ संविधान है। बताया गया कि सन 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद सन 1963 को सीमा सुरक्षा बल की स्थापना की गई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति के द्वारा 20 दिसम्बर सन 1963 को मुहर लगाई गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि बुद्धसेन शर्मा, डॉ विनिता धुव्रे, डॉ अर्चना मेथाइल्स गुलाब पटेल ( पूर्व अध्यक्ष बार एशोसियेसन दुर्ग ) संतोष कुमार दुबे सब इंस्पेक्टर रेलवे सुरक्षा बल राजेश चौधरी, रत्नेश तिवारी, त्रिलोचन सिहं, रामउपकार तिवारी, विष्णु पाठक, मुन्ना आर्य, अशोक पंडा वरिष्ट पत्रकार, त्रिभुवन मिश्रा व अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रबंधन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एंव पतंग महोत्सव का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों एंव आसपास के बच्चों में निशुल्क पतंग धागा चकरी वितरण किया तथा महोत्सव मनाया गया। खेलकूद को बढावा देने के लिए महिला व पुरुष वर्ग में अलग-अलग खुर्सी दौड़ रस्सा खीच गोली चम्मच दौड़ फास्ट वाकिंग रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एंव प्रतिभागी विजेता को पुरस्कार वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जगजीत नारायण पाण्डे, विजय गवांडे, कपील उत्पल, दयाल सर, डॉ हिमांशु, डॉ नीलम, डॉ अश्वनी शुक्ला, डॉ संदीप, डॉ प्रेमलाल चंद्राकर, डॉ सौरभ, डॉ राम नरेश साहू, डॉ एस के पटेल, सीमा शर्मा, अरविंद कुमार, दीपशिखा, डंकेश्वर, हरीश कुमार देशलहरे, रुपेंद्र, अभिषेक, स्वाती, यमुना, रेशमा, निशा, विभा, प्रियांशु, भुमिका, रेशमी, राजेश, त्रिपाठी, नेहा, पंदुम महाराणा, रामचंद्र, जाकीर हुसैन, अपसार निशा, कमल गिर, यंशवत बारले, गोपी मांडले, मुकेश, मनोहर, प्रंशात, हेमंत, एंव समस्त स्टाफगण ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

# जिन्दल स्टील एंड पावर ने ओडिशा में औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए 70,000 करोड़ के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने ओडिशा में विभिन्न महत्वाकां परियोजनाओं पर 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है। यह घोषणा ओडिशा में सतत औद्योगिक विकास और सामुदायिक उत्थान के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता की परिचायक है। जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने तीन दिवसीय उत्कर्ष ओडिशा 2025 कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। यह कार्यक्रम आज भुबनेश्वर में शुरू हुआ, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन भारत के औद्योगिक विकास में ओडिशा की महत्वपूर्ण भूमिका और राज्य के विश्व स्तरीय विकास केंद्र के रूप में उभरने का शुभ संकेत दे रहा था। इस अवसर नवीन जिन्दल ने कहा, हमारा लक्ष्य ओडिशा को अग्रणी अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक केंद्र बनाना है और यहां के लोगों के जीवन स्तर में सतत सुधार लाना है। हम 70,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेंगे, जिससे न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि ओडिशा के हजारों परिवारों के जीवन में भी बदलाव आएगा। इसके साथ ही हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा, हम ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के दृष्टिकोण के अनुरूप क्योंझर जिले में एक स्टील प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं का भी अध्ययन कर रहे हैं। उत्कर्ष ओडिशा 2025 कार्यक्रम ने भारत की आर्थिक प्रगति में ओडिशा के महत्व को रेखांकित किया और सतत विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग पर जोर दिया। जेएसपी पहले से ही ओडिशा के अंगुल में देश के पहले कोल गैसीफिकेशन प्लांट के माध्यम से स्टील उत्पादन कर रहा है, जो हरित प्रथाओं को अपनाने और आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता को कम करने में सहायक है। अंगुल स्टील प्लांट की वर्तमान क्षमता 6 एमटीपीए से बढ़कर इस वर्ष 12 एमटीपीए हो जाएगी और 2030 तक 25.2 एमटीपीए तक पहुंच जाएगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पर्यावरण-अनुकूल स्टील प्लांट बनाने के साथ-साथ हाइड्रोजन आधारित ग्रीन स्टील उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। जेएसपी ने ओडिशा के सामुदायिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है।

# नगर निगम भिलाई में 22 अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियो को पहली ट्रेनिंग दी गई

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई में 22 नये कर्मचारियो को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। ये वे कर्मचारी है, जिनके पिता/माता या सगे संबंधी निगम भिलाई में नियमित कर्मचारी थे। उनके परिवार के भरण-भोषण के लिए छत्तीसढ़ शासन द्वारा उन कर्मचारियो के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हे अपने हाथो से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्तमान में कर्मचारियो की आवश्यकता को देखते हुए उन्हे विभिन्न विभागो में पदस्थ किया जायेगा। स्थापना अधीक्षक रीता चतुर्वेदी द्वारा सभी कर्मचारियो को लेकर विभागो में जाकर सभी से परिचय कराया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर संबंधित कर्मचारियो को पहले विभागीय ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे उन्हे पता चल सके नगर निगम भिलाई में क्या-क्या कार्य होता है। कौन-कौन से विभाग है, किस प्रकार से दायित्वो का निर्वहन किया जाता है। इससे उनका कार्य के प्रति मनोबल बढेगा, वास्तविकता का ज्ञात होगा। इसके पूर्व अनुकंपा नियुक्ति में नियुक्त कर्मचारियो को सीधे विभागो में पदस्थ करने का परंपरा रहा है। विभाग में ही विभाग से संबंधित जानकारी मिलती थी। इससे अन्य विभागो के बारे में अनिभिग्य रहते थे। अभी उन्हे संपत्तिकर, राजस्व, सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य, डाटा सेंटर, लेखाविभाग, जोन कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, काउंटर, लोक सेवा गारंटी आदि से संबंधित विभागीय अधिकारियो द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

महापौर नीरज पाल ने इसको अच्छी पहल बताये है, नगर निगम की कार्य प्रणाली बहुत बड़ी है। यहां जन्म से लेकर मृत्यु तक के कार्यो के लिए आवश्यकता पड़ते ही रहती है। जो निगम क्षेत्र में रहेगा उसे निगम से कार्य पड़ना ही है। इससे नागरिको को भी फायदा होगा, कर्मचारी सहजदा पूर्वक अनुभव के साथ कार्यो को संपादित कर सकेगें।

# कलेक्टर ने तिरंगा झंडा फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में तिरंगा झंडा फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने जिला कलेक्टोरेट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने मनियारी सभाकक्ष में ''जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वो भारत देश है मेरा'' देशभक्ति गीत गाकर अधिकारी-कर्मचारियों को देश की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। यह दिन हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमें शासकीय सेवक के रूप में जो जिम्मेदारी प्राप्त होता है, उसे निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने देशभक्ति कविता की पंक्तियां सुनाई और कहा कि गणतंत्र दिवस को पूरे देश में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की प्रगति, एकता और समृद्धि के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी देशभक्ति पूर्ण गीत, शायरी और उद्बोधन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जी. एल. यादव एवं मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग में कार्यरत जिला समन्वयक गौरव साव को सम्मानित किया गया



पायनियर संवाददाता < मुंगेजी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग में कार्यरत जिला समन्वयक गौरव साव को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने जिला समन्वयक को अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक , जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित प्रशानिक अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक सुजीत कुमार सिंह और सहायक सूचना अधिकारी सोनू राम चंद्राकर ने जिला समन्वयक के इस उपलब्धि की सराहना की और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है जिला समन्वयक गौरव साव द्वारा मुंगेली जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सोशल मीडिया के माध्यम से बेहतर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# कांग्रेस और भाजपा के नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ दोनों पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी हुए शामिल



पायनियर संवाददाता < अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में आज भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने अपना नामांकन फॉर्म दाखिल किया है। साथ ही पार्टी का भी फॉर्म अभी अधिकृत प्रत्याशियों के द्वारा जमा किया गया पेश किया गया। आपको बता दें कांग्रेस और भाजपा के द्वारा विशाल रैली निकालकर पालिका परिषद पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। सर्वप्रथम कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मोनू साहू ने अपने पार्षदों के साथ नामांकन फॉर्म जमा करने पहुंचे साथ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद रहे। साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल कोसरे,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र साहू, युवा नेता धर्मेंद्र साहू सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद रहे। वही भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दयानंद सोनकर अपने समर्थकों के साथ पार्षद सही अपना नामांकन दाखिल किया साथ ही बी फॉर्म भी पेश किया गया। सोनकर के साथ जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेत्री हर्षा चद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों के कमिशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों के कमिशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कमिशनिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में मशीनों का कमिशनिंग कार्य सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मशीन में अभ्यर्थियों का मतपत्र लगाते समय सावधानी बरतना जरूरी है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका मुंगेली एवं लोरमी, नगर पंचायत पथरिया, सरगांव, बरेला और जरहागांव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए 11 फरवरी को मतदान होगा। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चंद्रशेखर उपाध्याय और मोहन उपाध्याय ने बताया कि नगरीय निकाय में मतदान के लिए कमिशनिंग के माध्यम से मशीन तैयार की जाएगी। अभ्यर्थियों के मतपत्र प्राप्त हो जाने के बाद बीयू में मतपत्र लगाया जाएगा। मतपत्र के अनुसार अध्यक्ष एवं पार्षद अभ्यर्थियों का नाम एवं चुनाव चिह्न प्रदर्शित होगा। मतदाता द्वारा एक ही मशीन से दोनों पदों के लिए मतदान किया जाएगा। जिसके बाद मशीन में एड्रेस टैग लगाकर सीलिंग कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं सेक्टर जोनल ऑफिसर मौजूद रहे। बता दें कि कमिशनिंग कार्य के सफलतापूर्वक संपादन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय को प्रभारी अधिकारी, उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई को सहायक प्रभारी अधिकारी और नगर पालिका मुंगेली सीएमओ आशीष तिवारी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कमिशनिंग कार्य हेतु पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# 10 साल में कोरबा शहर को कांग्रेस ने किया खोखला, जनता तैयार है सबक सिखाने के लिएः उद्योग मंत्री

## तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में शामिल हुए मंत्री देवांगन

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



10 साल में कोरबा शहर को कांग्रेस के खोखला कर दिया था, इस चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिए एक बड़ी उपलब्धि नहीं है। उक्त बातें नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने तिलक भवन प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। मंत्री देवांगन ने कहा की भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम पर जो भी वादा किया था उसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पूरी की जा रही है। मंत्री देवांगन ने कहा की कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 72 हज़ार महिलाओं को महतारी वंदन योजना का प्रतिमाह 1 हज़ार रूपए का लाभ मिल रहा है।कोरबा शहर के एक एक वार्ड में विकास कार्य अब जनता को दिखने लगा है, जनता को मालूम है की भाजपा आएगी विकास लायगी, कांग्रेस सिर्फभ्रष्टाचार और कमीशन खोरी ही कर सकती है। पूरी कोरबा शहर की जनता का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी संजू देवी राजपूत और सभी 67 पार्षद प्रत्याशियों को मिलने जा रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिले में 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया और शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जिले के नागरिकों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ हर्षोल्लास एवं खुशहाली के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारों को उन्मुक्त आसमान की ओर छोड़ा। परेड कमांडर नरगिस तिग्गा बघेल एवं परेड उप कमांडर कार्तिकेश्वर जांगड़े के नेतृत्व में 13 प्लाटून दलों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सु नवनीत कौर, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, मेनका प्रधान, संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज एवं सारिका मित्तल, एसडीएम मुंगेली मती पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन अशोक सोनी और रामपाल सिंह ने किया।

**शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित-** कार्यक्रम में वीर शहीदों के शहादत को नमन करते हुए उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में जिले के शहीद धनंजय सिंह, छत्रधारी जांगड़े, आनंद सिंह राठौर, संतोष पहारे, नरेन्द्र साहू, प्लाटून कमांडर राजकमल कश्यप के परिवारजनों को शाल और फल भेंटकर सम्मानित किया गया।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति, मलखम्ब रहा आकर्षण का केन्द्र-** समारोह में जिला मुख्यालय में संचालित 10 प्रमुख स्कूलों के 800 से अधिक बच्चों द्वारा पीटी प्रदर्शन किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भारत की संस्कृति, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता थीम पर आधारित देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मलखम्ब प्रशिक्षण अकादमी पुलिस विभाग के 20 से अधिक बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से मलखम्ब में शानदार करतब का प्रदर्शन किया गया, जो कि दर्शकों के ध्यान आकर्षण का विशेष केन्द्र बना रहा।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 11-**अक्टूबर**-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **श्रीमती आरती मौर्य (ऋणी), गणेश मौर्य (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060120306001** से नोटिस में वर्णित राशि **3,73,788/- (तीन लाख तिहत्तरहजार सात सौ अठासी रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 23 माह जनवरी वर्ष 2025** को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **3,73,788/- (तीन लाख तिहत्तरहजार सात सौ अठासी रुपये मात्र)** 10-**अक्टूबर**-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग **स्थित संपत्ति स्थित खसरा नं. 74/4 पीसी नं. 27, मौजा उम्र, कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 4305.56 वर्ग फीट, जो कि गणश प्रसाद मौर्य के स्वामित्व में है।**

**दिनांक : 23 जनवरी 2025**
**स्थान : कोरबा, छत्तीसगढ**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
**सीआईएन: L65110TN2014PLC097792**
**पंजीकृत कार्यालय : -** केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031
**फोन :** +91 44 4564 4000 | **फैक्स :** +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसे आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिला दिया गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी से संबंधित तारीखों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 75530153 | संपत्ति पर ऋण | 28.12.2024 | 10,47,447.97/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम :** 1. श्री लक्ष्मण यादव 2. श्रीमती पिल्ला यादव 3. रामनारायण यादव

**संपत्ति का पता :** आबादी संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल जिस पर ख.नं. अंकित है। 63/101, माप 401 वर्गमीटर, ग्राम गातापार स्थित, नया पीएच. नं.17, पुराना पीएच. नं.25, रिक बथेली, तह. भखारा, जिला. धमतरी, एनआर. शीतला चौक, धमतरी, छत्तीसगढ़-493770, और, इसकी सीमा इस प्रकार है : **पूर्व :** गली, **पश्चिम :** गली, **उत्तर :** रामकुमार, वजन और राजेंद्र का घर, **दक्षिण :** नाली

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 90706365 और 45717989 | संपत्ति पर ऋण | 11.12.2024 | 9,49,836.12/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम :** 1. कामदेव कंवर, 3. लक्ष्मी बाई कंवर

**संपत्ति का पता :** वह सब आबादी भूमि का टुकड़ा और पार्सल, खसरा और प्लॉट संख्या 467/10 का हिस्सा, क्षेत्रफल 121 वर्ग मीटर, गांव **:** लौड़े, फोन नंबर 02, आर.आई.सी.-मगरलोड, तहसील **:** मगरलोड, जिला **:** धमतरी, छत्तीसगढ़-493773, और सीमा **: पूर्व : पवन पश्चिम : पवन उत्तर :** गली, **दक्षिण :** लगानी

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**हस्ताक्षरकर्ता/-**
**अधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 29.01.2025
स्थान : छत्तीसगढ
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

## संपादकीय

### भारतीय गणतंत्र 75 गरिमापूर्ण वर्ष

**भारतीय** गणतंत्र ने अपने 75 गरिमापूर्ण वर्ष पूरे किए और वह शानदार भविष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रविवार को 75 गरिमापूर्ण वर्ष पूरे कर भारत एक गणतंत्र के रूप में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 10,000 से अधिक विशिष्ट अतिथियों की सहभागिता वाली गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू तथा इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियानो की उपस्थिति भारत के जीवन्त राजनयिक संबंधों को प्रकट करती है। इस वर्ष का आयोजन जन-भागीदारी की भावना पर जोर देते हुए स्पष्ट करता है कि आम लोग भारत की प्रगति के निर्माता हैं। 76वां गणतंत्र दिवस 'सशक्त' और 'सुरक्षित' भारत की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है जो पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली और सुरक्षित है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अनुरोध किया है कि वे स्वयं को संविधान के आदर्शों को संरक्षण देने की भावना के प्रति पुनः प्रतिबद्ध करें। देश इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है, इसलिए आधुनिक भारत की उपलब्धियों, चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं को परिभाषित व अभिव्यक्त करने वाला विमर्श जरूरी है। 26 जनवरी, 1950 को स्वीकृत संविधान एक संप्रभु, पंथनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में भारत की पहचान की साहसी अभिव्यक्ति थी। पिछले सात दशकों में लोकतांत्रिक ढांचे की सुरक्षा करते हुए राष्ट्र ने अनेक चुनौतियों का सामना किया है। इनमें राजनीतिक उथलपुथल से लेकर बाहरी खतरे तक शामिल थे। लगातार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की भारत की क्षमता इसके संस्थापक राजनेताओं का दृष्टिकोण प्रकट करती है। 'लाइसेंस राज' युग से 1991 के उदारीकरण युग के बाद तक भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हुआ है। तकनीक, खोज और उद्यमिता में महत्वपूर्ण प्रगति ने भारत को सूचना तकनीक, फार्मास्यूटिकल्स तथा अंतरिक्ष खोज जैसे क्षेत्रों में वैश्विक शक्ति केन्द्र के रूप में विकसित किया है।



भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तेज आधुनिकीकरण के बीच फलती-फूलती रही है। क्षेत्रीय कलाओं, भाषाओं तथा परंपराओं के विकास के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्यरक्षा में प्रगति ने देश का सामाजिक ढांचा मजबूत किया है। विश्व मंच पर भारत का प्रभाव बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्रसंघ, जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर उसकी सक्रिय सहभागिता ने महत्वपूर्ण योगदान किया है। भारतीय नेतृत्व ने जलवायु कार्रवाई, डिजिटल समावेशन तथा दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर लगातार जोर दिया है। इससे एक जिम्मेदार विश्व शक्ति के रूप में उसका उभार रेखांकित होता है। लेकिन ऐसी अनेक चुनौतियां हैं जिनको संबोधित किया जाना है। शानदार आर्थिक प्रगति के बावजूद भारत में असमानता अभी बनी हुई है। ग्रामीण गरीबी, बेरोजगारी तथा संसाधनों का असमान वितरण समग्र प्रगति को बाधित करते हैं। जातीय, धार्मिक और क्षेत्रीय विभाजनों के कभी-कभी भड़कने और असंतोष पैदा होने से अक्सर सामाजिक सद्भाव की भी परीक्षा होती है। गणतंत्र दिवस पर एकता का महोत्सव मनाते हुए इन विभाजनों को पाटना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि, सुशासन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, पर सार्वजनिक प्रशासन में भ्रष्टाचार और अक्षमता जैसी समस्यायें प्रगति में बाधा बन रही हैं। अक्सर नौकरशाही बाधाओं के कारण नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन प्रभावित होता है। अपनी उपलब्धियों का समारोह मनाते हुए भारत के सामने भविष्य का रास्ता पुनर्जीवित केन्द्रीकृत ध्यान व प्रतिबद्धता की मांग करता है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व की भावनाओं को संविधान में स्थान मिला है। इनको सामूहिक प्राथमिकता बनाए रखना होगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हाशियाकृत समुदायों का समावेशन ज्यादा समतापूर्ण समाज बनाने के लिए जरूरी है।

# उत्तर भारत में जाड़े से परेशानी

उत्तर भारत में जाड़ा केवल एक मामूली मौसम नहीं है। भयंकर ठंडक और सांस रोकने वाला प्रदूषण आने वाले वर्षों के लिए चेतावनी है।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)





**जलवायु और मौसम कुख्यात रूप से पूरे इतिहास में अनुमानों से परे रहा है। यदि अतीत का कोई हिस्सा सुनहरा दिखता है तो इसका कारण यह है कि यह समय में हमसे बहुत दूर है और इसी लिए उसका आकर्षण है। यह स्थिति उस समय रही होगी, लेकिन उसमें कुछ छोटे बड़े धब्बे भी थे। जब मौसम का अनुमान लगाने के उपकरण और कौशल बहुत कम थे और उसके प्रभावों से निपटने की क्षमता बहुत कम थी तब बाढ़ और सूखे से भयानक विनाश होता था।**

**साहित्यिक विमर्शों** के बादशाह, कहावतों में माहिर तथा वाक्यों और उनको गहरे अर्थ देने एवं मानवीय प्रकृति से जोड़ने वाले सर्वोच्च नामों में विलियम शेक्सपियर शामिल हैं। उन्होंने अपने समय की अभिव्यक्तियों व खासकर 'जमी हुई वनस्पतियों व जमी हुई सांसों' का वर्णन किया है। उनमें से एक 'विंटर आफ अवर डिसकंटेंट' है। ग्लाउसेस्टर के ड्यूक रिचर्ड ने रिचर्ड-3 में कहा, 'यह हमारी निराशा का जाड़ा है। इससे यार्क की शानदार गर्मी पैदा होगी। हमारे घरों पर छाए सारे बादल समाप्त होंगे और वे समुद्र की गहराइयों में दफ्न हो जाएंगे।' यह अभिव्यक्ति जॉन स्टीनबेक के प्रख्यात उपन्यासों की ध्वनि पैदा करती है और खासकर यह उत्तर भारतीय लोगों की भावनायें अभिव्यक्त करती है जो अब भी जाड़े की जकड़ में फंसे हैं। जाड़ा ठंडा, नम और अत्यधिक प्रदूषित है। अगले कुछ वर्षों तक स्थिति में सुधार की संभावनायें भी अंधकारमय हैं। ग्लोबल वार्मिंग के भयानक नकारात्मक प्रभाव के कारण जाड़े के महीने लगातार ज्यादा ठंडे होते जा रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद जलवायु परिवर्तन की गति धीमी होने की संभावनाओं पर भारी कुठाराघात हुआ है। यह न केवल पुराने ढंग से अपने पीछे 'वैली आफ एविलियान' की तरह देखना है जहां एल्फर्ड टैनिसन ने एक बहुत अलग संदर्भ में कहा था, 'न ओले बरसेंगे, न बरसात होगी, न बर्फ गिरेगी और न तेजी से हवा चलेगी।' जलवायु और मौसम कुख्यात रूप से पूरे इतिहास में अनुमानों से परे रहा है। यदि अतीत का कोई हिस्सा सुनहरा दिखता है तो इसका कारण यह है कि यह समय में हमसे बहुत दूर है और इसी लिए उसका आकर्षण है। यह स्थिति उस समय रही होगी, लेकिन उसमें कुछ छोटे बड़े धब्बे भी थे। जब मौसम का अनुमान लगाने के उपकरण और कौशल बहुत कम थे और उसके प्रभावों से निपटने की क्षमता बहुत कम थी तब बाढ़ और सूखे से भयानक विनाश होता था। आज बिजली से गरमी पैदा करने वाले उपकरण हैं, पर उस समय जीवन भयानक रूप से कठिन था। अंतिम हिम-युग ने पूरी धरती के 30 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया था ओर वह 15,000 से 20,000 साल तक बनी रही। ज्यादा सटीक रूप से कहें तो उस समय दुनिया के अधिकांश हिस्सों में गुलामी कानूनी थी। इनमें लोकतंत्र पर अपनी पीठ थपथपाने वाले पश्चिमी देश भी शामिल हैं जहां 19वीं शताब्दी के दूसरे अर्धांश तक गुलामी कानूनी रूप से व्याप्त थी। निसंदेह मौसम का प्रभाव जीवन और उसकी सोच पर पड़ता है। यह विचार प्रक्रिया, भाषण और भावनाओं तथा इसके परिणामस्वरूप कार्यों में भी परिवर्तन करता रहता है। हालांकि, यह सब एक उच्च स्तर पर इतिहास की गति को शक्ति भी देता है। इससे अंतर-वैयक्तिक संबंध प्रभावित होते हैं, टकराव और दुश्मनी पैदा होती है, गुस्सा और निराशा बढ़ती है अथवा सामंजस्य से निकटता और प्रेम पैदा होता है। इन आयामों के बीच आदान-प्रदान से समुदाय का सामाजिक अस्तित्व निर्धारित होता है जिसमें सामूहिक संस्थाओं, जैसे वर्ग और जाति के बीच तनाव पैदा होता है। इससे पैदा तनाव व्यक्तियों को अपराध करने का कारण बनता है। इससे अक्सर अवैयक्तिक समाजों में हाशियाकरण, गरीबी और असमानता की ओर ध्यान जाता है। इस प्रकार अपराध को आत्म-अभिव्यक्ति का विकृत कृत्य और एक अंतश्चेतन कथन के रूप में देखा जा सकता है। रेने देकार्त का बहु-प्रचलित कथन है, 'मैं मारता हूं, इसलिए मेरा अस्तित्व है।' इसका अर्थ 'कोगिटो इर्गो', यानी यह भी है कि 'मैं सोचता हूं, इसलिए मैं हूं।'

आत्म-अभिव्यक्ति का एक अन्य रूप जनान्दोलन में सहभागिता भी हो सकता है जिसमें नेतृत्वकारी भूमिका का कोई स्थान न हो। इरिक हॉफर ने 'द ट्रू बिलीवर: थाट्स आन द नेचर आफ मास मूवमेंट्स' में लिखा, 'अपने बाहर हपने अस्तित्व की शक्तियां तलाशने की एक प्रवृत्ति है। सफलता और विफलता असंदिग्ध रूप से हमारे दिमागों तथा हमारे चारों ओर चीजों की स्थितियों पर निर्भर होती है। इसलिए संतोषी लोग इसे अच्छी दुनिया समझते हैं और इसे हम सबके लिए संरक्षित रखना चाहते हैं, जबकि निराश लोग लगातार परिवर्तन चाहते हैं। इस प्रकार सारे कारण बाहर तलाशने की प्रवृत्ति उस समय भी बनी रहती है जब हमारी स्थिति स्पष्ट रूप से हमारे व्यक्तिगत गुणों व क्षमता, चरित्र, स्वास्थ्य, स्वरूप, आदि का परिणाम होती है। हॉफर कहते हैं कि 'इसका परिणाम क्या होता है।' वे थोरू के इस कथन का संदर्भ देते हैं कि 'यदि कोई चीज मनुष्य को परेशान करती है तो वह अपने काम ठीक से नहीं कर पाता है। यदि उसे पेट में दर्द होता है तब भी वह दुनिया बदलने के बारे में सोचता है।' दुनिया बदलने के प्रयास से अपरिहार्य रूप से यथास्थितिवादियों से टकराव होता है। इसके साथ ही ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र जल का स्तर बढ़ने से सामाजिक तनाव और टकराव बढ़ता है क्योंकि तटीय क्षेत्र पानी में डूब जाते हैं। इन क्षेत्रों के लोगों के विस्थापन से भूमि और संसाधनों के लिए टकराव बढ़ता है। इसी तरह दूसरे क्षेत्रों में भी लोग तापमान बढ़ने के कारण पलायन कर सकते हैं। हालांकि, कुछ लोग कह सकते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रति शरणार्थी यह समझ कर दयालु हो सकते हैं कि उनको तो किसी न किसी कारण से अपने घर छोड़ने ही थे। लेकिन अक्सर जीवन में ऐसी दयालुता देखने को नहीं मिलती है।

मौसमी परिवर्तनों का प्रभाव उनकी गहनता से भी संबंधित है। जब परिवर्तन बहुत अधिक होता है तो लोगों को उसके कारण कष्ट भी अधिक होता है, फिर चाहे वह बहुत अधिक जाड़ा हो या बहुत अधिक गरमी। मौसम के प्रभावों का लोगों की मानसिक स्थिति से भी गहन संबंध है। इसका संबंध आज्ञाकारिता की भावना से है क्योंकि बहुत से लोग आज्ञाकारी भाव से मौसम-परिवर्तन के समक्ष सिर झुका लेते हैं। सांस्कृतिक रूप से लोगों को दूसरों के सामने सिर झुकाना सिखाया जाता है और वे मौसम के मामले में भी ऐसा ही करते हैं। हालांकि, प्रख्यात साहित्यकार एंटोन चेखव के अनुसार, 'यदि लोग प्रसन्न होते हैं तो उनको जाड़े या गरमी का ज्यादा अनुभव नहीं होता है।' इस प्रकार एक बार फिर हम अपने प्रारम्भिक बिंदु पर पहुंच जाते हैं जो उत्तर भारत में हड्डियां जमा देने वाला और सांसे थाम लेने वाला भयंकर जाड़ा है। क्या कोई इसके बीच भी खुश रह सकता है? इसका जवाब 'हां' में हो सकता है क्योंकि लोग अपने वंशजों को कामकाज में ज्यादा ऊंचाई तक पहुंचने की शिक्षा देते हैं और बच्चे इसी भावना के साथ बड़े होते हैं। लेकिन इसके साथ ही भावी पीढ़ियों के साथ अनेक चिन्तायें और दुःख भी जुड़ जाते हैं जो उनके अस्तित्व को प्रभावित करते हैं और बहुत असरदार भी हो सकते हैं। लेकिन इन सभी चीजों के बीच ज्यादा प्रासांगिक सवाल यह है कि क्या हम उत्तर भारत के जाड़े में लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं? और कितने समय तक? इसके साथ ही मौन, लेकिन घातक प्रदूषण से निपटने का सवाल भी सामने आता है। इससे जीवन का अंतिम कटु सत्य सामने आता है कि जीवन अमर नहीं है और मृत्यु निश्चित है। यह सब पहले भी होता रहा है और आज फिर हो रहा है। अक्सर लोग इस बहु-प्रचलित कहावत को दुहराते रहते हैं, 'जिसे ठीक नहीं किया जा सकता है, उसे झेलना सीखना होगा।' इस कहावत को अक्सर दूसरी कहावतों और अनन्त जीवन से जोड़ दिया जाता है।

# दैवीय शरण की प्राप्ति

**अगर हम अपने जीवन में भगवान की भूमिका को स्वीकार करते हैं तो हम सभी को मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध है। अज्ञानता, मिथ्या अभिमान या आलस्य हमें भगवान की सहायता लेने से रोकता है, जो मालिक, नियंत्रक और सब कुछ है।**

अजित कुमार विश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



**इच्छाओं,** अहंकार और कर्मफल की अराजकता के बीच, हम स्थायी शांति कैसे पा सकते हैं? हम छोटे, अज्ञानी, असहाय और असुरक्षित हैं। पृथ्वी पर आठ अरब लोगों के साथ हमारी लघुता पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। हम कितने ज्ञानी हैं या हो सकते हैं? ज्ञान असीमित है। हम एक जीवनकाल में कितना सीख सकते हैं? हम जन्म से लेकर अपने शरीर को नष्ट करने तक असहाय हैं। बस गिनें कि हमें अच्छी तरह से जीवित रहने के लिए प्रतिदिन कितने लोगों की आवश्यकता होती है। और हम सभी असुरक्षित हैं, जैसा कि कोविड-19 महामारी ने साबित कर दिया है। इसलिए, हम सहज रूप से हर समय आश्रय की तलाश करते हैं। एक शिशु को अपने माता-पिता की आवश्यकता होती है। जैसे-जैसे कोई बड़ा होता है, वह खुद को बनाए रखने के लिए शिक्षा से आश्रय लेता है। शिक्षा/प्रशिक्षण समाप्त होने पर, नौकरी या व्यवसाय में आश्रय लेने का समय आता है। विचार यह है कि पर्याप्त धन की शरण हो ताकि शालीनता से जीवित रह सकें। छोटी उम्र से ही सेक्स सोच पर हावी हो जाता है। कुछ लोग खिलाड़ी की तरह प्रसिद्धि की ओर आकर्षित होते हैं, जबकि अन्य सत्ता के लिए राजनीति आदि में आ जाते हैं। सबसे भाग्यशाली लोग भगवान की शरण में जाते हैं। अच्छी तरह से जीने के लिए भगवान की शरण बहुत ज़रूरी है। आइए देखें कि गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए कितनी कठिनाई है। हमारा स्वभाव (स्वभाव) एक बहुत बड़ी बाधा है। वासना, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, अहंकार आदि में से कुछ न कुछ हमारे अंदर हावी रहता है। गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने का क्या मौका है? वासना लगभग सभी को पटरी से उतार देती है। हम मान लेते हैं कि सेक्स आनंद है, और इसके कई रूप हैं। सबसे बुरी बात यह है कि यह हमारे दिमाग पर कब्ज़ा कर लेती है। अहंकार भी पीछे नहीं है। क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिले हैं जो दूसरों के मुकाबले खुद को श्रेष्ठ नहीं समझता? लालच हमें अपनी ज़रूरतों का समझदारी से आकलन करने की अनुमति नहीं देता। ज़्यादा बेहतर है यही इच्छा है और संतुष्टि नहीं मिलती। क्रोध हमेशा सतह पर छिपा रहता है। यह सचमुच एक पल में सतह पर आ जाता है। फिर, कर्मफल हमेशा प्रकट होने के लिए तैयार रहते हैं। हम जानते हैं कि बुरे कर्मफल कितने दुख देते हैं। ज्यादातर लोग यह नहीं समझते कि अच्छे कर्मफल के बुरे प्रभाव क्या होते हैं। यह वह समय होता है जब व्यक्ति को अजेय होने का अहसास होता है और वह बड़ी गलतियाँ करता है।



सफलता के दौरान लोग पुरस्कार की तलाश करते हैं, और हम जानते हैं कि ये पुरस्कार हमारे साथ क्या करते हैं। तीसरा बड़ा दुश्मन बुढ़ापा है, जब हम कमज़ोर हो जाते हैं और ज़्यादातर हार मान लेते हैं। क्या हम फंस गए हैं? बिलकुल नहीं। भगवान ने ऐसी दयनीय सृष्टि नहीं बनाई होगी। अगर हम अपने जीवन में भगवान की भूमिका को स्वीकार करते हैं तो हम सभी को मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध है। अज्ञानता, मिथ्या अभिमान या आलस्य हमें भगवान की सहायता लेने से रोकता है, जो मालिक, नियंत्रक और सब कुछ है। आप ईमानदारी से मार्गदर्शन मांगते हैं और देखते हैं कि क्या होता है। लेकिन हम ऐसा नहीं करते; हम अपने जीवन को छोटा करने वाली चक्रीय सोच में रहना पसंद करते हैं। हम अपने जिद्दी रवैये से खुद को दोषी ठहराते हैं। भगवान हम सभी की किसी भी समय मदद करने के लिए तैयार हैं, लेकिन एक सवार है।

हमें ऐसी मदद के लायक होना चाहिए। यह कैसे निर्धारित किया जाए कि किसे मिलना चाहिए या किसे नहीं? इसलिए, हर किसी को यह सवाल पूछना चाहिए- हम भगवान की 'कृपा' (कृपा) के पात्र कैसे बनें? बस, आप खुद को एक आत्मा के रूप में पहचानते हैं - भगवान का एक हिस्सा। फिर, सभी आध्यात्मिक गतिविधियाँ सार्थक होंगी। क्या भागों को भगवान की शरण नहीं लेनी चाहिए? क्या हमें भगवान के प्रति बहुत सम्मान नहीं दिखाना चाहिए और उन्हें प्रणाम नहीं करना चाहिए? इकाई के 'ध्यान' के बारे में क्या, जो सब कुछ है? भगवान द्वारा सभी के लिए किए गए सभी कार्यों जैसे हवा, पानी और सूरज की रोशनी मुफ्त में प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद देना कैसा रहेगा। संक्षेप में, हमें भगवान के अलावा किसी और या किसी चीज़ की शरण लेना बंद कर देना चाहिए और वहीं रहना चाहिए।

## आप की बात

### रेवड़ी गारंटी

**न जनता की** मुराद पूरी हो रही है और न ही मुद्दे की बात हो रही है। हर राजनीतिक दल चुनावी रेवड़ियां बाँट रहा है और दे रहा है। कहीं ऐसा न हो पहले की तरह रेवड़ियां फीकी पड़ जाएं और हो जाए गारंटियां फेल। क्योंकि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के बाद महिलाओं को 8500 का लिखित वादा पूरा नहीं करने पर अपने कार्यालय पर ताला लगाकर भागना पड़ा। भाजपा 11 साल बाद भी अभी तक 15-15 लाख गरीबों के खातों में जमा नहीं कर पायी। आम आदमी पार्टी ने 2020 में किये गए यूरोप की तरह दिल्ली की सड़कें, यमुना की सफाई और जल प्रदाय के वादे पूरे नहीं कर पाने पर माफी मांगी है और वो 15 नई गारंटी देकर फिर चुनाव जीतने और उसे पूरा करने के वादे कर बैठी है। राजनीतिक पार्टियों का इतिहास रहा है कि उसने कभी भी चुनावी वादों को पूरी तरह पूरा नहीं किया। सभी अधिकाँश वादे मृगतृष्णा व लुभावने ही रहे हैं। हाँ नगर परिषद् हो या विधानसभा अथवा लोकसभा या राज्य सभा इनके अपने सदस्यों के वेतन-भत्ते व अन्य प्रमुख सुविधाएं प्राप्त करने के बिना गारंटी के गारंटेड रहे हैं क्योंकि जनता से वसूल किये गए कर द्वारा जनधन का सही रूप में सदुपयोग करना राजनेताओं को बखूबी आता है। अपने फायदे और रेवड़ी बांटकर रबड़ी खाने के लिए चुनाव जीतने का तरीका इन्हें अच्छी तरह से मालूम है। भोली-भाली जनता इनके जाल में फंसती है।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### परिवार का महत्व

**सुप्रीम कोर्ट ने** हाल ही में एक ऐसा फैसला सुनाया जो समाज के नैतिक पतन और संवेदनहीनता पर करारा तमाचा है। एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी और मासूम बेटियों को घर से बेदखल करने के मामले में न्यायालय ने कड़े शब्दों में उसकी निंदा करते हुए पूछा किआप कैसे आदमी हैं, जिसने मानव और पशु के बीच का अंतर ही मिटा दिया? यह केवल एक कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि एक समाज को जगाने वाला संदेश है। परिवार हमारी सामाजिक संरचना की नींव है, और इसके सदस्यों के प्रति सहानुभूति, प्रेम और जिम्मेदारी किसी भी सभ्य समाज की पहचान है। ऐसे में जब कोई व्यक्ति अपने कर्तव्यों से मुख मोड़ता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर भी गहरी चोट है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला हर उस व्यक्ति के लिए चेतावनी है जो अपने स्वार्थ के कारण परिवार को उपेक्षित करता है। यह संदेश देता है कि जिम्मेदारियों से भागने वालों के लिए कानून सख्त है। अब समय आ गया है कि हम अपनी नैतिकता का पुनर्निर्माण करें। परिवार केवल खून का रिश्ता नहीं, बल्कि समर्पण, संवेदनशीलता और आपसी सम्मान का प्रतीक है। समाज तभी उन्नति करेगा, जब हर व्यक्ति अपने दायित्वों को समझे और मानवता को सर्वोपरि रखे।

-**प्रो. आरके जैन अरिजीत,** बड़वानी (मप्र)

### वक्फ बोर्ड पर राजनीति

**वक्फ बोर्ड** संशोधन अधिनियम पर संयुक्त संसदीय समिति का गठन और उसकी बैठकों में जहां एक ओर सरकार द्वारा आम सहमति बनाने का प्रयास अभिनन्दनीय है जिसमें इस समिति के सभी सांसदों से तार्किक सुझावों की अपेक्षा की गई थी किन्तु विपक्षी सांसदों ने जिस प्रकार अपने अतर्किक व अराजक और हिंसक व्यवहार ने जिस प्रकार इस समिति के कार्य में बाधा पहुंचाते हुए इस विधेयक को ही रोकने का कुत्सित प्रयास किया है वह अशोभनीय है, निन्दनीय भी है। गत 10 वर्षों से इन विपक्षी सांसदों ने जैसा व्यवहार संसद में किया, उसी प्रकार का अराजक और घृणास्पद व्यवहार हमारे सांसदों के संसदीय आचरण पर एक गम्भीर प्रश्नचिह्न है। विरोध करना इनका अधिकार है किन्तु हिंसा व अराजकता से अपनी बात को थोपने का प्रयास अपेक्षित संसदीय व्यवहार के प्रतिकूल है। संसदीय प्रणाली में जहां आपको अपना पक्ष रखने की अनुमति है वहीं दूसरे की बात सुनने का दायित्व भी है। एकपक्षीय व अराजक व्यवहार लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के लिए व देश के विकास के लिए घातक है। देश में निर्वाचित सरकार है, उसे तीव्र स्वर से और अराजक गतिविधि से हटाने के प्रयास पर विराम लगना ही चाहिए। वक्फ बोर्ड को लेकर विपक्ष को जिम्मेदार रवैया अपनाना चाहिए।

-**डॉ. जय प्रकाश गुप्त,** अम्बाला छावनी

### पवित्र महाकुंभ

**महाकुंभ स्नान** को राजनीति दल राजनीतिक चश्मे से ना देखे तो ही अच्छा होगा। त्रिवेणी में डुबकी लगाने से पीढ़ियों के पाप धुल जाते हैं। ग़रीबी क्या मनुष्य की दरिद्रता दूर हो जाती है। सनातन धर्म व हिन्दुओं की बुनियाद मजबूती धर्म पर आधारित है। नेताओं को महाकुंभ पर कटाक्ष नहीं करना चाहिए। क्योंकि आस्था हम हिन्दुस्तानी के लिए पहली प्राथमिकता है और भारत में सर्वधर्म समभाव के साथ सभी धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं और अपने अपने धर्म के प्रति जागरूक हैं फिर क्यों नेतागण धर्म पर राजनीति करते हैं। इस तरह धर्म की राजनीति करने से उनका अपना व्यक्तित्व का कद छोटा होता है। सनातन धर्म सभी के कल्याण की कामना करता है। वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश हमने की पूरी दुनिया को दिया है। भारत में भले सनातन धर्म को लेकर लोग राजनीति कर रहे हैं लेकिन इसके प्रति पूरी दुनिया में आकर्षण है। यही कारण है कि विश्व के अनेक देशों से गैर हिन्दू भी कुंभ में डुबकी लगाने आ रहे है। इस महा पर्व को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।

-**हरिहर सिंह चौहान,** इन्दौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कबीरधाम जिले के लिए 76वां गणतन्त्र दिवस रहा बेहद खास, दिल्ली में जिले को मिला विशेष सम्मान

## बैगा परिवारों और कोटरा बुंदेली को गणतंत्र दिवस पर मिला राष्ट्रीय सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के लिए 76वां गणतंत्र दिवस एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर लेकर आया। जिले के बैगा बाहुल्य कुकदूर तहसील क्षेत्र के कांदावानी और तेलियापानी गांव के छह बैगा सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के छह सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को 26 जनवरी 2025 को सम्मानित किया। विशेष आमंत्रण पर दिल्ली पहुँचे इन परिवारों में ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम पटपरी की जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा, तथा ग्राम तेलियापानी की ही बाली बाई बैगा और पति सोनू राम बैगा शामिल थे। कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों ने दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की और उनके साथ संयुक्त फोटो ग्राफी की। जगतिन बाई बैगा ने राष्ट्रपति से विशेष चर्चा करते हुए अपने गांव की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उनके गांव में पहली बार सौर ऊर्जा से बिजली पहुंची, जिससे उनका जीवन बदल गया।

### सौर ऊर्जा से बदली जिंदगी

2024 की दीपावली से पहले इन बैगा परिवारों के घरों में अंधेरा था। जिला प्रशासन द्वारा क्रेडा विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पटपरी के सभी 25 घरों को सौर ऊर्जा संयंत्र से विद्युतीकृत किया जाए। दीपावली के पहले ही इन घरों में 300 वॉट के सोलर होम लाइटिंग सिस्टम लगाए गए, जिससे पहली बार इन परिवारों ने रात में रोशनी देखी।

### हर घर जल योजना में कोटरा बुंदेली की उपलब्धि

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की जल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत ने जलापूर्ति को घर-घर तक सुनिश्चित किया। 63.80 लाख रुपए की लागत से लागू इस योजना के तहत 141 परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। 40 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का निर्माण कर जल संकट का समाधान किया गया, जिससे ग्राम पंचायत जल समृद्धि की मिसाल बन गई।

### खुशियों और गर्व का माहौल

दिल्ली जाने और राष्ट्रपति से मिलने का अवसर पाकर बैगा परिवारों में उत्साह और गर्व का माहौल है। जगतिन बाई बैगा ने भावुक होकर कहा कि यह सपना सच होने जैसा है। पहले हमारे गांव में अंधेरा था, लेकिन अब सौर ऊर्जा से रोशनी आई है। राष्ट्रपति से मिलना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है।

# भाजपा ने सरस्वती व कांग्रेस ने हीरा को उतारा मैदान में, नगर पंचायत उतई चुनाव में प्रत्याशी घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत उतई में भाजपा कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। जिसमें भाजपा ने अध्यक्ष पद हेतु मौजूदा पार्षद सरस्वती नरेंद्र साहू तथा कांग्रेस ने पार्षद प्रहलाद वर्मा की माता हीरादेवी वर्मा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। वर्मा भी ग्राम पंचायत के कार्यकाल में पंच का दायित्व निभा चुकी है। वहीं दोनों प्रमुख दल ने पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। भाजपा ने वार्ड 1 से मोतिम ठाकुर, वार्ड 2 से शोभेन्द्र सोनू राजपूत, वार्ड 3 से सुरेंद्र वर्मा, वार्ड 4 से लक्ष्मीनारायण साहू, वार्ड 5 से सतीश कुमार चन्द्राकर, वार्ड 6 से लता सोनवानी, वार्ड 7 से भीमसेन सिन्हा, वार्ड 8 से तेजबाई सिन्हा, वार्ड 9 से चेतन सिन्हा, वार्ड 10 से खूबीराम साहू, वार्ड 11 से नारायण देशमुख, वार्ड 12 से अनिता गढ़े, वार्ड 13 से गीतेश ठाकुर, वार्ड 14 से संगीता रजक, वार्ड 15 से सुनीता चंद्राकर को टिकट दिया है। उसी प्रकार कांग्रेस ने वार्ड 1 से रमशीला नेताम, वार्ड 2 से गुलशन शर्मा, वार्ड 3 से राकेश साहू, वार्ड 4 से शैलेष देवांगन, वार्ड 5 से टीकम डौण्डे, वार्ड 6 से योगेश मांडले, वार्ड 7 से प्रहलाद वर्मा, वार्ड 8 से राधिका हिरवानी, वार्ड 9 से द्वारिका साहू, वार्ड 10 से तोषण साहू, वार्ड 11 से संजय गोस्वामी, वार्ड 12 से खेमीन बंजारे, वार्ड 13 से भरत लाल ठाकुर, वार्ड 14 से चेतना पटेल, वार्ड 15 से सुनीता साहू को प्रत्याशी बनाया है। नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। नतीजतन सभी प्रत्याशी दल बल के साथ नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। इस दौरान दोनों दलों के बड़े नेताओं का भी जमावड़ा रहा।

# मिथ्या छाप धनिया, अमानक ग्रवी, मिठाई, रेड वाइन भंडारन अरहर दाल बेचने पर 16.50 लाख जुर्माना

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा किया गया खाद्य तेलों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच, कई प्रतिष्ठानों पर जुर्माना



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों और खाद्य तेलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। इस क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य तेलों के नमूने संकलित किए हैं। सरसों तेल की गुणवत्ता की जांच हेतु विशेष तौर पर प्रतिष्ठित विक्रेताओं से नमूने लिए गए हैं, जिसमें जय सुपर बाजार से लाल गुलाब कच्ची घानी सरसों तेल और नेहल सुपर बाजार से पतंजलि कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने शामिल हैं। इन नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया है, जहां जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### फर्म संचालकों पर जुर्माने की कार्यवाही

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पूर्व में की गई जांच में 06 मामलों में अमानक स्तर के खाद्य पदार्थ पाए गए थे, जिन पर न्यायालय ने कुल 16,50,000/- रुपये का अर्थदंड लगाया है। फर्म संचालकों को निम्नानुसार दण्डित किया गया है जिसमे श्री मुरारी फेमिली रेस्टॉरेंट एण्ड स्वीट्स, नवागढ़ चौक, बेमेतरा बिना अनुज्ञप्ति संचालन करने पर 4 लाख रुपये का जुर्माना। मंडेला स्वीट्स, बेमेतरा अमानक मिठाई बनाने पर 3 लाख रुपये का जुर्माना। स्वाति एक्कॉन प्रा. लि., कारेसरा अमानक रेडवाइन भण्डारण पर 5 लाख रुपये का जुर्माना 7 रामेश्वरी ट्रेडर्स, कण्डरका मिथ्याछाप धनिया पाउडर बेचने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना। अपना ढाबा, पिकरी, बेमेतरा। अवमानक ग्रेवी बनाने पर 3 लाख रुपये का जुर्माना। अश्वनी किराना, पड़कीडीह अवमानक अरहर दाल विक्रय पर 50 हजार रुपये का जुर्माना। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षण उपरांत अमानक खाद्य पदार्थों के मामलों को न्यायालय में प्रस्तुत कर संबंधित फर्म संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी छात्र छात्राएं तथा विश्वविद्यालय परिवार पावन ध्वज तिरंगे के नीचे स्वतंत्र भारतीय गणतंत्र दिवस का महोत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए, सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सत्यप्रकाश दुबे ने विश्वविद्यालय प्रांगण में छात्रों की परेड के साथ, ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान जन-गण-मन समवेत स्वर में प्रस्तुत किया गया, 26 जनवरी हम सभी के लिए गौरव का दिन है, हर भारतीय हर्ष और उल्लास के साथ इस राष्ट्रीय पर्व को मनाते है। चूंकि यह दिवस प्रत्येक भारतीय के जीवन में एक विशेष महत्व रखता है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में हम सब यहां एकत्रित हुए हैं और हमें गर्व है कि हम सभी भारत के नागरिक हैं। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हर भारतवासी के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। इस अवसर पर कुलपति ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम अपना गणतंत्र दिवस मना रहे है, मातृभूमि को देश को, देश के अमर शहीदों को शत-शत् नमन। परिस्थितियां कैसी भी हो, राष्ट्र के प्रति दृढ़ निष्ठा, सम्मान और संकल्प हमारे लिए सर्वोपरि हो, हमारा अपने राष्ट्र के प्रति आत्मिक सम्मान हो, राष्ट्र की प्रगति हमारा प्रथम कर्त्तव्य होना चाहिए। हम चाहें कितनी भी तकनीक को समझ लें, जान ले किन्तु देश के प्रति हमारे संकल्प सदैव देश की प्रगति के लिए हो। देश के इस पावन अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम एक विकसित राष्ट्र को दशा और दिशा दे सकते है। अपने अधिकार और जिम्मेदारियों को बारीकी से समझने की आवश्यकता है, जो एक समृद्ध, लोकतांत्रिक समाज में रहने के साथ-साथ चलती हैं। जिनमें देश के नागरिक के जीवन से जुड़े, हर पहलू सम्मिलित हो, जिनमे प्रकृति संरक्षण, वन्य जीवो का संरक्षण, प्रदूषण से मुक्त वातावरण स्थापित करने की बात हो, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, ध्वनि प्रदूषण जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल हों। सामाजिक सेवाओं और बुनियादी ढाँचे की परियोजनाएं भी शामिल हों। हमारे कर्तव्यों में सबसे पहला कर्तव्य देश की प्रगति, विकास और उसे स्वच्छता प्रदान करना हो, हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, प्रकृति को संरक्षित करें और अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से निर्वहन हो, यही हमारी देश के प्रति सच्ची देश भक्ति होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देश भक्ति गीतों से पूरा विश्वविद्यालय गूंज उठा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचितव डॉ मनीष उपाध्याय सहित, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। भारत के उन सभी नायकगण जिन्होंने हमें आजादी दिलाने में स्वयं को न्यौछावर कर दिया, आज उन्हें स्मरण करते हुए उपस्थित सभी ने श्रद्धा पूर्वक नमन किया।

## नगर पंचायत बेरला के व्यय संपरीक्षक में बदलाव

**बेमेतरा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2024-25 के तहत व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु नगर पंचायत बेरला के लिए व्यय संपरीक्षक में बदलाव किया गया है। कार्यालयीन आदेश के अनुसार, संतोष वर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिन्हें पहले नगर पंचायत बेरला का व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया था, को अब अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी बेरला के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है। संतोष वर्मा के स्थान पर रिजर्व से महेन्द्र कुमार टेकाम, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता विभाग बेमेतरा को नगर पंचायत बेरला का नया व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है।

# प्रज्ञा निर्वाणी ने क्षेत्र क्रमांक 1 कठोतिया से दावेदारी करते हुए नामांकन पत्र ख़रीदा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि उन्होंने मण्डल अध्यक्ष गया चंद्राकर को आवेदन भी दिया है, प्रज्ञा निर्वाणी ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान हेमाबंद, सुर्की क्षेत्र में नये सदस्य जोड़े है और वो भाजपा की सक्रिय सदस्य है, त्रिस्तरीय पंचायत के लिये बेमेतरा के ज़िला प्रभारी विक्रांत सिंह ने जिला भाजपा मुख्यालय में कहा था त्रिस्तरीय पंचायती के चुनाव में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार होने के लिए पार्टी के सक्रिय सदस्य होने के मापदंड को पूरा करना ज़रूरी है। लिहाज़ा वो अपने अधिकृत होने के लिए आशान्वित हैं निर्वाणी क्षेत्र में जनसंपर्क में लग गई है। प्रज्ञा निर्वाणी बेमेतरा जनपद पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं। वर्तमान में ज़िला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से ज़िला पंचायत की सदस्य है, त्रि स्तरीय पंचायत का अनुभव के साथ कार्य करने की उनकी अपनी शैली और सक्रियता के चलते पूरे ज़िले में चर्चित सक्रिय महिला चेहरे के तौर पर उनका नाम है, प्रज्ञा निर्वाणी ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि उनके ससुर हृदय नारायण निर्वाणी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रह चुके हैं। देश में लगे आपातकाल के दौरान 9 महीनों तक उन्हें जेल में निरुद्ध रहे और वर्तमान में लोकतंत्र रक्षक सेनानी बेमेतरा के ज़िला अध्यक्ष हैं।

# विधायक दीपेश साहू ने किया ध्वजा रोहण, जिलेवाशियो को गणतंत्र दिवस पर्व की दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

76 वें गणतंत्र दिवश के सुअवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भाजपा कार्यलय, स्वरस्वती शिशु मंदिर, वार्ड नम्बर 03 पांडे तालाब पास ध्वजा रोहण कर महापुरुषों को याद करते हुए देश वीर सपूतो को नमन किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा हम एक ऐतिहासिक दिन मनाते हैं। 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस। यह दिन न केवल हमारे देश की संविधान की शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संघर्ष की याद भी दिलाता है। हमारे देश ने 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त की, लेकिन उस स्वतंत्रता को संरक्षित रखने के लिए संविधान का निर्माण किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य महान नेताओं की कड़ी मेहनत और दृष्टि से हमारा संविधान एक मार्गदर्शक प्रकाश बनकर आया, जो हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश देता है। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी का दायित्व है कि हम अपने संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान रखें और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दें। यह अवसर हमें यह संकल्प लेने का भी है कि हम अपने देश को और भी बेहतर बनाएंगे, सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करेंगे और एकता और अखंडता की भावना को बढ़ावा देंगे। आइए हम सब मिलकर अपने देश को और अधिक प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर करें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, राजू देवांगन, पंचू साहू, संतोष वर्मा युगल देवांगन, निशा चौबे, रेवा राम, रोशन दत्ता, निषाद, ममता साहू, नीतू कोठारी सावित्री रजक, नरेश साहू अनिल रजक, ओमकार साहू, नरेश साहू, राजीव तम्बोली, डॉ लाला राम साहू, संतोष वर्मा, अमित यादव, संजू राजपूत, तारण राजपूत, अनिल रजक, रजनी पाण्डेय, हेमलता शर्मा, ओमेश्वरी साहू, पिंकी गुप्ता, अनीता मिश्रा, मीनू पटेल, पुष्पा साहू, दुर्गा साहू, हेमलता शर्मा रेणु साहू सहित अन्य भाजपा पदाधिकारीगण कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## एथेनाल प्लांट के आंदोलनकारी निर्दलीय को समर्थन करेंगे

**बेमेतरा।** आसन्न नगरीय चुनाव में रांका और पथर्रा में एथेनाल प्लांट प्लांट के विस्थापन के आंदोलनकारी भाजपा और कांग्रेस की भूमिका को एक्सपोज करने के लिए बेमेतरा नगर पालिका में निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन करने की घोषणा की है। इस संबंध एक विज्ञप्ति जारी कर अजिताभ मिश्रा ने बताया कि बेमेतरा जिला एक कृषि प्रधान जिला है,लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग को इस क्षेत्र में स्थापित करने में विशेष भूमिका निभा रहे हैं। प्रदूषणकारी प्लांट का विरोध इन दोनों पार्टियों का केवल दिखावा है। केवल सत्ता के लिए किसानो को बेवकूफ बनाने नूरा कुश्ती खेल रहे है। लेकिन विगत दिनों पथर्रा में चार माह से चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन में एथेनाल प्लांट मालिक के इशारे पर दमन की कार्यवाही का दिखाने के लिए भी विरोध नहीं कर पाए, जो कि दिनों पार्टियों के लिए बेहद शर्मनाक है। गुलामी की पराकाष्ठा ही कही जाएगी इतने बड़े दमन के विरोध में एक शब्द भी इनके मुंह से नहीं निकल पा रहा है...? यही कारण है कि आंदोलनकारीयों में इन पार्टियों के प्रति आक्रोश स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।

# जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश देने सद्भावना क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन

## प्रशासन इलेवन एवं पत्रकार इलेवन के बीच खेले गए रोमांचक मैच में पत्रकार इलेवन की टीम बनी विजेता, प्रशासन इलेवन के बल्लेबाज बी रूद्रपति ने मैन ऑफद मैच का खिताब हासिल किया








पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं पत्रकार इलेवन के मध्य सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित इस सदभावना क्रिकेट मैच के माध्यम से जिले के मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन एवं पत्रकार इलेवन के मध्य खेले गए इस रोमांचक मैच में पत्रकार इलेवन की टीम 8 विकेट से विजयी रही। इसी तरह उपविजेता का खिताब जिला प्रशासन की टीम ने हासिल की। इस पूरे मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन के बल्लेबाज बी रुद्रपति ने मैन ऑफद मैच का खिताब जीता। बी रुद्रपति जिला प्रशासन इलेवन की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए कुल 56 रन बनाए।

### कलेक्टर ने की भूरी भूरी सराहना

उल्लेखनीय है कि प्रशासन इलेवन की टीम ने 10 ओवर के मैच में 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए। इस तरह से पत्रकार इलेवन की टीम के सामने जीत के लिए कुल 10 ओवर में 95 रन का लक्ष्य था। जिसे पत्रकार इलेवन की टीम ने 8.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस दौरान पत्रकार इलेवन के बल्लेबाज प्रवीण ने कुल 34 रन, रिषभ ने 33 एवं अनिकेत ने 19 रन बनाकर बेहतरीन बल्लेबाजी की। इसी तरह बी रुद्रपति के अलावा टीआई रविशंकर पांडे ने 13 रन बनाकर बेहतरीन बल्लेबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासन इलेवन के कप्तान इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आयोजित इस सदभावना मैच की भूरी भूरी सराहना की। उन्होंने विजेता टीम पत्रकार इलेवन के प्रदर्शन को बहुत ही उम्दा एवं अत्यंत सराहनीय बताया। इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सदभावना मैच के विजेता के खिताब हासिल करने के लिए पत्रकार इलेवन की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

### शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की

इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बेहतरीन कमेंट्री कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने जिला प्रशासन और पत्रकारों के मध्य आयोजित इस सदभावना मैच के पहल की भूरी भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से आम जनता को मताधिकार के महत्व की जानकारी प्रदान कर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है, वह बहुत ही सराहनीय है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज आयोजित इस सदभावना मैच की भूरी भूरी सराहना करते हुए सदभावना मैच के सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

### प्रशासन टीम के कप्तान रहें कलेक्टर चंद्रवाल

पत्रकार इलेवन के कप्तान एवं जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू ने जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के मध्य आयोजित इस सदभावना मैच के आयोजन की इस बेहतरीन पहल की भूरी भूरी सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आगामी आम निर्वाचन के दौरान जिले के मतदाता शत प्रतिशत मतदान कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उल्लेखनीय है कि आयोजित सदभावना मैच में प्रशासन इलेवन की टीम में कप्तान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम बालोद, सुरेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश राठौर, नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र एवं बी रुद्रपति, थाना प्रभारी कोतवाली रवि पांडे, सीईओ जनपद पंचायत गुरुर उमेश रात्रे, पीटीआई सूर्यकांत सिन्हा सहायक संचालक सांख्यिकी मुकेश ठाकुर शामिल हुए। इसी तरह पत्रकार इलेवन की टीम में कप्तान के रूप में जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू, रवि भूतड़ा, जिला प्रेस क्लब के महासचिव राहुल भूतड़ा सहित अफजल रिजवी, अरुण उपाध्याय, विकास साहू, सुप्रीत शर्मा, ऋषभ, देवेंद्र, लकी अरोरा, टीकम, मोइन खान, गुलाब, जितेंद्र साहू, तिलक, अनिकेत, अजय, प्रवीण, ओम गोलछा, तेजराम साहू, फुरकान शामिल हुए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर, अशोक जोशी, जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने चिन्हांकन दुर्घटना जन्य क्षेत्र में बचाव के लिए रंबल स्ट्रीप, धीरे चलो,गो स्लो का बोर्ड लगवाने के दिए निर्देश

## जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 35 वा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 24 जनवरी 2025 के दौरान जिले में चलाये जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास और एस एस पी शशी मोहन सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर रोहित व्यास ने लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हैल्मेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का आग्रह किया है। साथ ही धीरे वाहन चलाने की अपील की हैं। उन्होंने कहा धीरे चले और सुरक्षित अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे। उन्होंने ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालान की कार्रवाई करने और जुर्माना वसूली करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बालाछापर चौक, लोरो घाट और मंदिर के पास पर्याप्त संख्या में रम्बल स्ट्रीप, गो स्लो, धीरे चले, ढलान के बोर्ड लगाने के निर्देश नेशनल हाईवे के अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही मंदिर के पास ढलान में अति दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप की उंचाई बढ़ाने और पूरे लोरोघाट के टर्निंग प्वाइंट पर साइड वाला और गो स्लो के साथ अन्य जरूरी चीज की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को सुरक्षित आवागमन के साधन के लिए जरूरी उपाय अनिवार्य रूप से करें ताकि दुर्घटना को रोका जा सके कलेक्टर ने सभी एसडीएम और पुलिस विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक लेकर पेट्रोल पम्प के पास और सड़क के सामने वाहन खड़ा नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ पेट्रोल पंप में सी सी टी कैमरा, महिला और पुरुष शौचालय की व्यवस्था और शौचालय की नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए हैं। एस एस पी शशी मोहन सिंह ने बताया कि घोलेंगे स्कूल के पास जेब्रा क्रॉसिंग, रम्बल स्ट्रीप, स्कूल बोर्ड और धीरे चले,गो स्लो का बोर्ड लगाने की विशेष आवश्यकता है। इसी प्रकार दुर्घटना जन्य ब्लैक स्पाट पतराटोली, दुलदुला बालाछापर, खटंगा, भिंजपुर जशपुर का जरिया, गम्हरिया, कांईकछार, कुनकुरी विकास खंड चराई डांड, सलियाटोली, तपकरा का केरसई में भी दुर्घटना को रोकने के लिए जरूरी उपाय करना होगा और जहां जहां रम्बल स्ट्रीप, गो स्लो, स्पीड लिमिट बोर्ड आदि अन्य जरूरी उपाय करना विशेष जरूरी है ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। इसी प्रकार दुर्घटना जन्य क्षेत्र कोतबा रेंचुंआ घाट चौकी पत्थलगांव मुंडा पारा और कांसाबेल विकास खंड के बूड़ा डांड के पास साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप लगाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 400 गाड़ियों में रेडियम लगाया गया है। इसके साथ ही 222 सड़क सुरक्षा मितान को प्रशिक्षण रायपुर में दिया गया है। जिनके माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी और हैल्मेट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में स्कूल एवं कालेज में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम, हेलमेट रैली, स्कूली बसों और आटों वाहन का फिटनेस चेक , यातायात जागरूकता रैली, हाट बाजार में अंजोर रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान, लाइसेंस शिविर, बिना नम्बर वाले वाहनों में नम्बर लिखवाना, व्यावसायिक माल वाहक वाहनों में रेडियम पट्टी, दुर्घटना में कमी लाने हस्ताक्षर अभियान, दुर्घटना जन्य क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान, पैदल यात्रियों को रोड़ क्रास करने के बारे में जानकारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती में उत्साह के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में 26 जनवरी को सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेर दी। मुख्य अतिथि डॉ. ऋषि अग्रवाल (एमबीबीएस और भूतपूर्व मेजर भारतीय सेना), द्वारिका नाथ स्वर्णकार अध्यक्ष संस्कार पब्लिक स्कूल, प्रकाश चंद अग्रवाल चेयरमैन संस्कार पब्लिक स्कूल, रमेश स्वर्णकार, दिनेश स्वर्णकार, राहुल स्वर्णकार, वीरेन्द्र स्वर्णकार और सु रूपल उपाध्याय प्रधानाचार्या संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति एवं अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के ध्वजवंदन के बाद महापुरुषों के चित्रों पर आदररूपी पुष्प अर्पित किये गए। संगीत शिक्षक कोटेश्वर नाथ साहू और विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात, समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ और बैज लगाकर स्वागत किया गया प्रधानाचार्या सु रूपल उपाध्याय ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांधी और अन्य संवैधानिक निर्माण में शामिल विभूतियों के कार्यों का जिक्र किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. ऋषि अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को देश के संविधान के प्रति आदर का भाव व्यक्त करते हुए अपने कर्त्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन करना चाहिए। मुख्य अतिथि के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 में संस्था द्वारा आयोजित होने वाले स्कूल इंटर हाउस प्रतियोगिता में कक्षानुसार विभिन्न हाउस से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तो वहीं अंडर 14 फुटबॉल टीम में प्रतिभागी बने छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम की घोषणा शिक्षिका मेघादीप द्वारा की गयी। मंच संचालन का कार्य शिक्षक अशोक कुमार खूंटे व शिक्षिका मेघा दीप द्वारा किया गया। शिक्षिका सायरा खान और मती योगिता शर्मा के साथ कार्यक्रम के आयोजन में समस्त शैक्षणिक और प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान रहा।

# सक्ती के जिंदल वर्ल्ड स्कूल ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हासिल किया पहला स्थान



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

एक बार फिर जिंदल वर्ल्ड स्कूल ने गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया, यह लगातार चौथी बार है की स्कूल को यह इनाम मिला, इस बार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सात स्कूलों ने भाग लिया था,जिसमे जिंदल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस बार स्कूल के दो सव पैंतीस बच्चों ने बीजापुर में मारे गए हमारे जवान को समर्पित करते हुए कार्यक्रम किया था, जिसमे कलेक्टर ग्राउंड को पूरी तरह से स्कूल के बच्चों ने ढक लिया था इसी बात से आप कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा लगा सकते हैं, प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद इनाम लेने के लिए बच्चों ने खूब उत्साह दिखाया और सभी अधिकारीगण के साथ फोटो खिंचवाये, इस कार्यक्रम को बनवाने में डांस टीचर दी रवि और ज्योति श्रीवास का मुख्य हाथ था प्रिंसिपल वेंकट और डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल ने सभी बच्चों को उत्साह आवर्धन किया।

# जाबो कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूक

## नगर पंचायत बगीचा में ई.व्ही.एम से वोट डालने की प्रक्रिया की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में जिले में मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान कार्यक्रम जाबो चलाया जा रहा है। इसके तहत मतदान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले में मतदान हेतु जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए है। नगरीय निकायों के चुनाव ई.व्ही.एम. के माध्यम से संपन्न कराया जाना है। इसी कड़ी में नगर पंचायत बगीचा में जाबो कार्यक्रम के तहत लोगों को ई.व्ही.एम. की क्रियाविधि के बारे में बताने के साथ ही ई.व्ही.एम से किस तरह से वोट डाला जाता है इसके बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। आब्जर्वर सुनील चंद्रवंशी के द्वारा जाबो कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत बगीचा में ई.व्ही.एम से लोगों को जागरूक किए जाने संबंधी कार्यक्रम का निरीक्षण भी किया गया।

# नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ शांति कुमार कैवर्त्य ने न.प. अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हेतु दाखिल किया निर्देशन पत्र



पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव 2025 में शिवरीनारायण नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण अपने समर्थकों के साथ नामांकन की अंतिम तिथि पर तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। ज्ञात हो कि वे सन 1999 की नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रत्यक्ष प्रणाली के तहत चुनाव में विजयी रहे हैं। उनके कार्यकाल की उपलब्धियां की चर्चाएं जनमानस में है। आसान इस चुनाव में शिवरीनारायण नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए हुआ है और आरक्षण प्रक्रिया के पूर्व से ही अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने इनकी चर्चाएं जन मानस व नगर में व्याप्त रही है। जिस तरह से यहां चुनाव को लेकर परिस्थितियों निर्मित हो रही है इससे स्पष्ट नजर आ रहा है कि नगर के उच्च शिक्षित, मृदु भाषी, मिलनसार तथा नगर के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए मास्टर प्लान के अग्रदूत कहे जाने वाले डॉ. कैवर्त्य को एक बार पुनः नगर का कमान जनमानस सौंप सकती हैं। इनके नामांकन दाखिल के समाचार मिलते ही जनमानस में हर्ष व्याप्त है।

# यातायात जागरूकता हेतु पुलिस द्वारा किया स्लोगन, निबंध, चित्रकला पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बेमेतरा पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले भर में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में आज 28 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम (शासकीय कन्या शाला बेमेतरा) में पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहभागिता से स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता लाने हेतु स्लोगन, निबंध, चित्रकला पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम (शासकीय कन्या शाला बेमेतरा) से 35 बच्चे, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसा से 03 बच्चे, स्वामी आत्मानंद विद्यालय राजा मोहगांव से 02 बच्चे, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा से 42 बच्चे, सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के 10 बच्चे, सेजस स्कूल सिंघौरी बेमेतरा से 14 बच्चे, एकेडमिक वर्ड स्कुल बेमेतरा से 01 बच्चे, इंडियन पब्लिक स्कुल बेमेतरा से 16 बच्चे, स्वामी आत्मानंद राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से 14 बच्चे, इस प्रतियोगिता में कुल 137 बच्चे बच्चे प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुये। बच्चों के द्वारा यातायात जागरूकता से संबंधित स्लोगन, निबंध, चित्रकला पेंटिंग एवं रंगोली बनाया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को समापन दिनांक को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त आयोजन में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, दौलत वर्मा, आरक्षक पारसमणी साहू, राजेश साहू, भुपेन्द्र राजपूत एवं अन्य स्टाफ व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम (शासकीय कन्या शाला बेमेतरा ) के प्रिंसिपलकविता वाजपयी, शिक्षक पी.एस. राजपूत व सभी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा ने दिखाय दम, जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों ने रैली निकालकर भरा नामांकन

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में नगर पालिका चुनाव के लिए भाजपा समर्थित अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं पार्षद प्रत्याशियों ने रैली निकालकर दमखम के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंच निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामंकन पत्र दाखिल किया। रैली के दौरान प्रत्याशीगण नगरवासियों का आशीर्वाद लेते आगे बढ़ रहे थे जिनके साथ हजारों कार्यकर्ता भी शामिल हुए। भाजपा के अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित पूरे 15 वार्डो के पार्षद प्रत्याशियों में सुमित गुप्ता, सुरेश पुरी, अरुण नागवंशी, ललिता कश्यप, विजय रावत, विकास गुप्ता, अर्जुन दास, सुषमा केसरी, रमेश गुप्ता, पवन गुप्ता, मनीषी गुप्ता,शीला जयसवाल, मनीता शर्मा, उषा गुप्ता, सिद्धांत यादव ने अपने-अपने प्रस्तावक एवं समर्थकों के साथ निर्वाचन शाखा पहुंच नामंकन दाखिल किया।इसके पूर्व सभी भाजपा प्रत्याशियों ने भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की मौजूदगी में नगर के सुप्रसिद्ध भगवती धाम मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ,कनिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित नगर वासियों संग ढोल नगाड़े के साथ जीत का जयकारा लगाते हुए भव्य नामकन रैली निकाल व्ही नगर वासियों से जीत का आशीर्वाद लेते हुए पूरा नगर भ्रमण उपरांत एसडीएम कार्यालय पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रमन अग्रवाल के साथ वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक के प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र प्रधान के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने सभी उम्मीदवारों का उत्साहवर्दन करते हुए डटकर मुकाबला करने और रणविजय बनकर आने का आशीर्वाद दिए। जायसवाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से रामानुजगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर आसीन रमन अग्रवाल ने कई उपलब्धि भारी कार्य किए हैं जिनकी सराहना नगर वासी आए दिन करते नहीं थकते उनके कार्य एवं व्यवहार की प्रशंसा उनके विरोधी भी करते हैं। जायसवाल ने आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र में दूरगामी सोच के साथ विकास करने वाली हमारी भाजपा की सरकार है। अब तो रामानुजगंज नगर पंचायत से नगर पालिका को दर्जा दिलाने में रमन अग्रवाल की अहम भूमिका रही है इसके साथ ही विकास की रफ्तार को और बढ़ाने इस बार यहां ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की जरूरत है जिसके लिए नगर वासियों को फिर से भाजपा पर भरोसा दिखाना होगा। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री प्रभात झा,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आर के पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष जायसवाल, सुभाष केसरी,राजेश सोनी, पुरोहित नंद कुमार पांडे,गोपाल गुप्ता,गायत्री परिवार के एस पी निगम,टी आर शर्मा अंजुमन कमेटी के सदर रागिब खान मौलाना हाजी बसीर,जमरूद्दीन मंसूरी,करीम खान, मोहम्मद जसीम मंसूरी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही।

**अपनी जननी की उपस्थिति में भरा नामांकन**-भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार और लगातार दो बार से नगर पंचायत की सत्ता संभाल रहे रमन अग्रवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं अपनी बुजुर्ग माता विमला देवी की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान रमन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने मुझ पर विश्वास करते हुए लगातार तीसरी बार मुझे उम्मीदवार बनाया है मैं अपने शहर की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि मैं उनके विश्वास पर सदा खरा उतरूंगा।

# गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में लिटिल फ्लावर स्कूल के 120 विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर परिसर जेठा में किया गया। उक्त कार्यक्रम में सक्ति जिले के अंतर्गत आनेवाले स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें लिटिल फ्लॉवर के स्कूल द्वारा कलिंग युद्ध की थीम पर आधारित कार्यक्रम का भव्य प्रदर्शन किया गया। सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध में जब अत्यंत नरसंहार देखा तो उन्हें अत्यंत पीड़ा का अनुभव हुआ। फिर सम्राट अशोक से धम्म अशोक बने एवं शांति का मार्ग अपनाया। इस कार्यक्रम के द्वारा यह संदेश देने का प्रयत्न किया गया कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है एवं हर समस्या का समाधान शांति से ही निकल सकता है हमारा देश भारत भी शांति का पक्षधर रहा है। इस हेतु कार्यक्रम की भव्यता को प्रदर्शित करने के लिए विद्यालय द्वारा रथ, भव्य द्वार अशोक चक्र एवं गुब्बारों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में विद्यालय के 120 विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसे देखकर सभी प्रफुल्लित हो गए।निर्णायको द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिटिल फ्लॉवर को द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर टी.पी. उपाध्याय एवम मोहम्मद अनीस ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम को तैयार करने में शिक्षक शिक्षकों एवं प्रिंसिपल संध्या सोनी ने सहयोग दिया। इससे पूर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को प्रातः 8:00 बजे लिटिल फ्लावर विद्यालय में ध्वजारोहण किया गया साथ ही साथ विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद अनीस, टी.पी. उपाध्याय एवं प्राचार्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाइयां दी।

# कलेक्टर ने स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थ का विक्रय करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास और एस एस पी शशी मोहन सिंह उपस्थित थे। जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में पान दुकान या कोई गुटखा ,सिगरेट या मादक पदार्थ विक्रय करते पाए जाते हैं तो ऐसे दुकानों पर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में वर्तमान में दुकान संचालित हो रहे हैं तो उनकी जानकारी देने वालों 26 जनवरी और 15 अगस्त में पुरस्कृत भी किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि जिले में नशा मुक्ति केंद्र संचालित किया जा रहा है और 15 सीट की व्यवस्था है। और 30 दिन का कोर्स होता है।

# अमृत सोनहर एवं लाल बहादुर ने गतवा माइनर में स्वयं के खर्चे से बनाई सड़क



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत सुंदरैली से लगे गतवा माइनर के ऊपर जनपद पंचायत शक्ति के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अमृतलाल सोनहर तथा लाल बहादुर पटेल के द्वारा किसानों की सुविधाओं के लिए स्वयं अपने खर्चे से सड़क का निर्माण किया जा रहा है, तथा वर्तमान में उपरोक्त नहर के ऊपर के स्थान को चौड़ा कर लोगों की आवागमन की दृष्टि से सुविधाजनक बनाया जा रहा है,तो वहीं गत्वा माइनर को भी ग्राम पंचायत सुंदरैली की सरपंच अभिलाषा अमृत सोनहर द्वारा पूरे माइनर की साफ-सफाई करवा कर एक सक्रिय जनप्रतिनिधि का परिचय दिया गया है,वही गतवा माइनर से जहां किसानों को खेतों में आसानी से पानी पहुंचता है,तो वहीं इस माइनर से लगकर नहर के ऊपर की सड़क जो की बहुत संकरी थी, उसे अमृत लाल सोनहर एवं लाल बहादुर पटेल द्वारा व्यक्तिगत प्रयास से बेहतर बनाया जा रहा है।


## संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

// धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना //

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय गुप्ता, पिता श्री प्रभाष चंद गुप्ता, पता-विला-169, सफायर ग्रीन्स, आमासिवनी, विधानसभा रोड जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम-बरौंदा प.ह.न. 42 स्थित भूमि खसरा नं. 15003/1 रकबा 0.389 हेक्टे हेतु आदेश क्रमांक 19747/ नग्रानि/ धारा-16/पी.एल.-10/2018 रायपुर, दिनांक 30.08.2018 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखंड कमांक 280 (IV), 280 (V) के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, छ.ग.

G-242505464/1



## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बबीता साहू पति बलदाउ प्रसाद साहू (विवाह पूर्व हेमलता/हेमलता साहू) निवासी ग्राम तिवरैया तहसील व थाना धरसीवा जिला रायपुर (छ. ग.) यह शपथ करती हूं कि मैं अपना नाम हेमलता/हेमलता साहू से बदलकर बबीता साहू पति बलदाउ प्रसाद साहू के नाम से जानी पहचानी जाऊंगी।

अतः उक्त परिवर्तित नाम छत्तीसगढ़ के राजपत्र मे प्रकाशित करवाना चाहती हूं मुझे अब मेरे नए नाम बबीता साहू के नाम से जाना पहचाना जावे जिस हेतू यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**बबीता साहू**
पति बलदाउ प्रसाद साहू
ग्राम-तिवरैया, तहसील व थाना-धरसीवा
जिला-रायपुर (छ.ग)



## शपथ पत्र

मैं प्रेम लाल साहू उम्र 39 वर्ष पिता श्री नेतराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम कोसमा पो.आ. जरहागांव तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री के दाखिल खारिज (अंकसूची) पर नाम सोनम साहू दर्ज है तथा जन्म प्रमाण पत्र पर नाम तारिणी साहू दर्ज है।
3. यह कि मेरी पुत्री सोनम साहू के आधार कार्ड नं. 5363 6003 4317 में जन्म प्रमाण पत्र के आधार से उनका नाम तारिणी साहू दर्ज हो गया है।
4. यह कि उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड पर नाम तारिणी साहू दर्ज हो गया है। जिसके स्थान पर मेरी पुत्री का नाम दाखिल खारिज (अंकसूची) के आधार पर नाम सोनम साहू दर्ज कराना चाहता हूं जो नाम सत्य व सही है।
5. यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम को विलोपित कर दाखिल खारिज (अंकसूची) के अनुसार सही नाम सोनम साहू सुधार करना चाहता हूँ जिसके लिये जो भी नियम व शर्ते है वह मुझे मान्य व स्वीकार है जिस बाबत् यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मै प्रेम लाल साहू शपथकर्ता आज दिनांक 17.01.2025 को मुकाम मुंगेली मे यह शपथपत्र तहरीर कर तजदीक करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक मे लिखी समस्त बाते मेरी जानकारी से सत्य व सही है। शपथपत्र पढ़कर सुनकर व समझकर इस पर अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

# नगर पंचायत उतई में नामांकन के आखिरी दिन दावेदारों की उमड़ी भीड़

## अध्यक्ष के लिए 6 तथा पार्षद के लिए 50 लोगो ने भरा नामांकन




पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत उतई चुनाव के नामांकन जमा करने के आखिरी दिन प्रत्याशियों की भीड़ उमड़ गई। कांग्रेस प्रत्याशियों ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू तथा भाजपा प्रत्याशियों ने विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में नामांकन जमा किया। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 6 महिलाओं ने नामांकन जमा किया। वही पार्षद के 15 पद हेतु 50 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इस प्रकार नगर सरकार में शामिल होने के लिए 56 लोगो ने दावेदारी की है। यहां मतदान 11 फरवरी को होगा। जिसमें कुल 8100 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। जिसमें कुल 6 लोगो ने फार्म भरा है। कांग्रेस से हीरादेवी वर्मा, भाजपा से सरस्वती साहू, जोहार पार्टी से कुसुम देवांगन, श्वेता पारख, सुनीता शर्मा, अनिता वर्मा शामिल है। वही पार्षद के लिए वार्ड 1 में रमशीला नेताम, मोतिम ठाकुर, पार्वती मंडावी, माया ठाकुर। वार्ड 2 से शोभेन्द्र राजपूत, गुलशन शर्मा, अल्का रावत, लीना साहू, आशीष साहू। वार्ड 3 से राकेश साहू, गुलशन वर्मा। वार्ड 4 से लक्ष्मीनारायण साहू, शैलेष देवांगन, भीषम देवांगन। वार्ड 5 से सतीश चंद्राकर, सतीष पारख, टीकम डांडे। वार्ड 6 से योगेश कुमार मांडले, सुरेश खुटेल, लता सोनवानी, विष्णु देशलहरे, गीतेश्वरी नारंग। वार्ड 7 से प्रहलाद वर्मा, खुमान साहू, भीमसेन सिन्हा। वार्ड 8 से राधिका हिरवानी, तेजबाई सिन्हा, विजय लक्ष्मी साहू। वार्ड 9 से द्वारिका साहू, चेतन सिन्हा, थानसिंह गुरूपरख। वार्ड 10 से तोषण साहू, खूबीराम साहू। वार्ड 11 से संजय गोस्वामी, शिवनारायण, किरण गोस्वामी। वार्ड 12 से खेमींन बंजारे, मालती गढ़े, रामती टंडन, अनिता गढ़े। वार्ड 13 से भरत लाल ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, जितेश ठाकुर। वार्ड 14 से चेतना पटेल, संगीता रजक, कुमारी साहू। वार्ड 15 से सुनीति साहू, सुनीता चंद्राकर, तामेश्वरी साहू, पिंकी ढीमर शामिल है। नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को की जाएगी। वही 31 जनवरी को शाम3 बजे तक नाम वापस लिया जा सकेगा। इसके बाद चुनाव चिन्ह आबंटित होगा। आगामी 11 फरवरी को सुबह 8 से 5 बजे तक मतदान होगा। जिसमें कुल 8100 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# महासमुंद में युवा नेतृत्व का आगाजः सुमित सम्पत अग्रवाल ने खरीदा जिला पंचायत चुनाव का नामांकन पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से सुमित सम्पत अग्रवाल ने अपना नामांकन पत्र खरीदा। आपको बता दें कि सुमित अग्रवाल बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के ज्येष्ठ पुत्र हैं और वर्तमान में बसना नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सुमित अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। पार्टी के लिए उन्होंने न केवल बसना नगर बल्कि पूरे क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली पहचान बनाई है। उनकी साफ छवि और जनता के बीच जुड़ाव को देखते हुए माना जा रहा है कि यह चुनाव उनके लिए एक अहम पड़ाव साबित हो सकता है। सुमित अग्रवाल ने नामांकन पत्र खरीदने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि वे अपने क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर विकास और हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अपने पिता डॉ.सम्पत अग्रवाल के मार्गदर्शन को अपना प्रेरणा स्रोत बताया और कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण और विकास को गति देना है।

# नेहरू स्टेडियम राजहरा में गणतंत्र दिवस पर हुआ ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




क्रीड़ा एवं मनोरंजन परिषद लौह अयस्क खदान समूह राजहरा के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम राजहरा में देश के 76 वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के हाथों ध्वजारोहण किया गया। औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसफ एवं स्कूली छात्रों के द्वारा गणतंत्र दिवस परेड निकाली गई जिसकी मुख्य महाप्रबंधक ने सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नीले आकाश में शान से फहराते हुए तिरंगे को देखकर हम सब गौरवान्वित कर रहे हैं। हमारे देश में 26 जनवरी 1950 का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया। क्योंकि इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। भारत एक स्वतंत्र गणराज्य बना। यह संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय जैसे मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हमारा संविधान नगरीकों को ना केवल उनका अधिकार प्रदान करता है बल्कि उनके कर्ताव्य को भी याद दिलाता है। सशक्त राष्ट्र की निर्माण के लिए हमें अपनी अधिकारों की रक्षा ही नहीं करना चाहिए बल्कि अपने कर्तव्य का पालन भी पुरीनिष्ठा के साथ करनी चाहिए। हमारा देश विकास की यात्रा में स्टील उद्योग जैसे क्षेत्र में भी शामिल है। भारत जापान को पछाड़कर दुनिया का दुसरा सबसे बड़ा देश बना है। 1954 में सरकर द्वारा हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड की स्थापना की गई थी। 1973 में सेल के रूप में पूर्ण गठन किया गया। स्थापना के पूर्व स्टील उद्योग का लक्ष्य एक मिलियन टन का था जो 7 मिलियन टन के लक्ष्य को भी पार कर गया है। इस सफलता के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र ने ना केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में अलग पहचान बना चुका है। राजहरा खदान समूह लौह अयस्क खनन के क्षेत्र ही नहीं बल्कि भिलाई इस्पात संयंत्र की विकास की नींव है। यहां के खदानों से निकला लौह अयस्क विभिन्न स्टील उद्योग भारतीय रेलवे, रक्षा, अंतरिक्ष जैसे बुनियादी ढांचों के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि राजहरा की धरती मेहनतकशो, कर्तव्य निष्ठा और कड़ी मेहनत का प्रतीक है। यहां कार्यरत श्रमिकों की योगदान अतुलनीय है। जिनकी मेहनत और निष्ठा से यह खदान दिन-ब-दिन प्रगति कर रहा है। साथियों इस पावन अवसर पर मैं अपनी ओर से आप सभी को यही कहना चाहूंगा कि कठिन प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए न्यूनतम लागत और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ उच्चतम गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का खनन करें।

# लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : कलेक्टर सोनी




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के सिमगा ब्लॉक के खपराडीह में स्थित श्री सीमेंट सयंत्र के एएफआर यूनिट से निकलने वाली दुर्गंध के कारण बच्चों के बीमार पड़ने की घटना को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन द्वारा श्री सीमेंट के एएफआर क्षेत्र को सील करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद उन्होंने जिले में संचालित समस्त सीमेंट सयंत्र के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर उन्हें अपने सीमेंट संयंत्र में अल्टरनेट फ्यूल एंड रॉ मैटेरियल के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सोनी ने श्री सीमेंट्स के प्रबंधन को एएफआर क्षेत्र निगरानी के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि संयंत्रों में हुई लापरवाही के कारण आम जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस में पीएमश्री के तीन शिक्षक हुए सम्मानित

## पेंटिंग और ड्राइंग में राज्य में प्रथम स्थान आने पर केंद्रीय विद्यालय की छात्रा का भी हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

76 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीएमश्री विद्यालय के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें पीएमश्री प्राथमिक शाला बघिमा के सहायक शिक्षक रवि गुप्ता, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक कन्या आश्रम कासाबेल के प्रधान पाठक सुमन रवानी, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक कन्या शाला घरजियाबथान के प्रधान पाठक सविता एक्का को सम्मान मिला। इसके साथ ही पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय जशपुर की छात्रा अनुष्का तिर्की, कक्षा 9वी को वीरगाथा अंतर्गत पेंटिंग एवं ड्राइंग में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला कलेक्टर रोहित व्यास, एवं पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेंद्र सिंहा एवं प्रोग्रामर अरुण चंद्रा उपस्थित थे। जिले में अभी पीएमश्री योजना के अंतर्गत 14 विद्यालयों को जोड़ा गया है। जिसमें विद्यालयों में अधोसंरचना का सुधार करते हुए बच्चों को कुशल शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। जिसके तहत पीएमश्री गतिविधियों में उपरोक्त शिक्षकों के द्वारा अपने अपने विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य किया गया।

# तहसील साहू संघ ने मां कर्मा मंदिर में मनाया गणतंत्र



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ ने मां कर्मा मंदिर प्रांगण एवं स्थानीय साहू सदन में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि जीवन लाल साहू पूर्व सैनिक थे, अध्यक्षता युवराज साहू, विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष गण मोहन लाल साहू, लैलन कुमार साहू, तोरण लाल साहू, पूर्व पार्षद संगीता साहू थे। युवराज साहू ने स्वागत भाषण दिया एवं वीर शहीदों को याद करते हुए, उन्की कुर्बानी को याद दिलाया। दामिनी साहू ने देश भक्ति कविता पाठ की। न पूछो जमाने को, क्या हमारी कहानी है, हमारी पहचान तो सिर्फ ये है, की हम तो सिर्फ हिन्दुस्तानी है। तोरण लाल साहू ने तहसील साहू संघ की संरचना के विषय में विस्तृत जानकारी दिया। कु. मोनिका, कु. खुशी, कु. तामेश्वरी, कु. धामनी के देश भक्ति गीत में नृत्य किये। संचालन रेखू राम साहू आभार घना राम साहू ने किया। आयोजन में सत्या साहू, द्रौपती साहू, राधा साहू, संगीता साहू, विमला साहू, रेवती साहू, कुन्ती साहू, शंकर साहू, खूब लाल साहू, दीपक साहू, छब्बू साहू, किशन साहू, मनोहर साहू, अजीत साहू, शीतल साहू, धनराज साहू, गजेन्द्र साहू, नवीन साहू, कल्याणी साहू, लिलेश्वरी साहू, गायत्री साहू, राधिका साहू, भूमिका साहू, चम्पा देवी साहू, निर्मला साहू, गोमती उषा साहू, माया साहू, यशोदा, नीतू, नोमेश्वरी, ओम, किरण सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका से कांग्रेस से सतीश अग्रवाल व बीजेपी से अश्विनी शर्मा होंगे आमने सामने

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय चुनाव के बिगुल बजने के बाद प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी व कांग्रेस ने प्रदेश कि सबसे बडी नगर पालिका भाटापारा से उम्मीदवारों कि घोषणा कर दिये है, जिसमें कांग्रेस के द्वारा भाटापारा नगर उम्मीदवार को लेकर भारी कशमकश होने के कारण होल्ड मे रख दिया था। जिसमें सामान्य सीट मे पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के बीच टिकट को लेकर भारी खींचतान प्रमुख कारण रहा। बताया जाता है कि सामान्य सीट होने के कारण सामान्य उम्मीदवारों ने कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेताओं से सामान्य को ही टिकट दिये जाने कि मांग किया। वहीं भारी जद्दोजहद के बाद भाटापारा से सामान्य को टिकट मिलने का मुख्य कारण जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अन्य घोषित सामान्य सीटों मे चार जगह से पिछड़ा वर्ग को टिकट कांग्रेस पार्टी के द्वारा दिया गया, जिसमें मुख्य रुप से बलौदाबाजार कसडोल पलारी सिमगा है। जिसे कांग्रेस संगठन ने भलीभाँति भांपते हुये प्रदेश कि सबसे बडी नगर पालिका भाटापारा से सतीश अग्रवाल को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया। जिसको लेकर वरिष्ठ कांग्रेसीजनों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया।

### बीजेपी से अश्विनी शर्मा उम्मीदवार

वहीं बीजेपी ने नगर पालिका प्रत्याशी के रुप मे अश्विनी शर्मा को टिकट दिया है। अश्विनी शर्मा जिला पंचायत सदस्य व भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रमुख पदों मे रहे सहज सरल व मिलनसार होने के कारण युवाओं मे काफी लोकप्रिय माने जाते है। वहीं बीजेपी संगठन मे सबको साथ लेकर चलने कि कुशल नेतृत्व क्षमता के लिये भी जाने जाते है। अश्विनी शर्मा व सतीश अग्रवाल दोनों सामान्य होने के कारण पालिका अध्यक्ष का चुनाव दिलचस्प व काटे कि टक्क र वाला माना जा सकता है। वहीं बीजेपी के उम्मीदवार अश्विनी शर्मा को सत्ता शासन का लाभ भी जनमत मिल सकता है। जिसमे शहर के मूलभूत दूरगामी विकास को अपने घोषणा पत्र मे रखकर जनमत को आकर्षित कर सकते है।

# रामगढ़िया सेवक सभा ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा देश के 76 वे गणतंत्र दिवस को महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन में बहुत ही धूम धाम से पहली बार मनाया गया और अध्यक्ष ने आए हुए सदस्यों का फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं में सीनियर और वूमेंस विंग के बीओडीएस कुलदीप विरदी के द्वारा ससम्मान तिरंगा झंडा फहराया गया, राष्ट्रीय गान गाया गया और सभी देश भक्ति के गीतों पर झूम उठे। इस अवसर पर अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा, सुरेन्द्र सिंह हंसपाल, हरपाल सिंह भामरा, चरणजीत सिंह पनेसर, ओंकार सिंह मुदड़, राजेंद्र सिंह विर्दी, सुरेंद्र सिंह बाड़े, अवतार सिंह, दलजीत सिंह सैभी, सरबजीत सिंह छग्गर, ख़लविंदर सिंह नान्दडे, अमरीक सिंह (बल्ली), प्रकाश सिंह राणा, लाली भामरा स्वर्ण जीत सिंह हंसपाल एवं महिला विंग से बीओडीएस हरशरण राणा, कुलदीप कौर विर्दी, अध्यक्ष प्रदीप कौर, कवलजीत कौर, पिंकी बाड़े, गुरकीरत राणा, रूपनीत कौर,मनवीत कौर की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नगर पालिका मे बीजेपी कि सत्ता आती है तो नगर विकास की जवाबदारी हमारी : शिवरतन शर्मा

## बीजेपी कि नामांकन रैली मे दिखा भाजपाई माहौल, बीजेपी मे सामूहिक नेतृत्व का भाव, एकला चलो के रणनीति पर कार्य नही करता




पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अश्विनी शर्मा एवं 31 वार्डो के भाजपा पार्षद के प्रत्याशीगणों, चुनाव प्रभारी देवजी पटेल व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व पार्टी के समस्त पदाधिकारी गण व कार्यकर्ताओं के साथ राम सप्ताह चौक से तहसील चौक तक पैदल रैली के रुप बाजे गाजे व नारेबाजी के साथ नामांकन दाखिल कराया गया। जिसमें लगभग 10 हजार कि भीड़ देखा गया। जिसमें महिलाओं कि संख्या अधिक रही। गौरतलब है कि बीजेपी के इस नामांकन रैली मे भारी भीड़ व उत्साह के चलते शहर का माहौल बीजेपीमय प्रतीत होने लगा। लोग हाथों मे बीजेपी के झंडे लिये हुये पार्टी के समर्थन मे जोरशोर से नारे लगाते हुये नामांकन हेतु पैदल मार्च किये। जिससे शहर का माहौल पूरी तरह से चुनावी रंग मे रंगने जैसा माहौल प्रतीत हुआ।

### बीजेपी मे सामुहिक नेतृत्व का भाव

नामांकन रैली के दौरान रामसप्ताह चौक स्थल पर प्रदेश बीजेपी के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने अपने उदबोधन भाषण मे उपस्थित कार्यकर्ताओं व भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा कि पार्टी मे सामूहिक नेतृत्व का भाव रहता है भाजपा एकला चलो के रणनीति पर कार्य नहीं करती प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि जब जब बीजेपी नगर पालिका के सत्ता मे आया है नगर के मूलभूत ऐतिहासिक योगदान मे अपनी भूमिका निभाया है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि पिछले 5 सालों मे नगर पालिका मे मूलभूत विकास व स्वच्छता व शहर कि खराब स्थिति किसी से छुपी नही है। जो पूर्व मे शहर के विकास को लेकर किंग मैकर बने थे, उन्होंने शहर के विकास के लिये कोई प्रयास ही नही किया। नगपा मे भारी लूटपाट मचा रहा।

### बीजेपी कि सत्ता नगपा मे आता है तो शहर का मूलभूत विकास कि जवाबदारी हमारी

प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि शहर मे बीजेपी कि सत्ता बैठता है तो मूलभूत सुविधाएं शहरवासियों के लिये उपलब्ध कराया जाना हमारी जवाबदारी होगी। वही नामांकन रैली मे कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार राधेश्याम शर्मा (फग्गा) ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी मे प्रवेश कर लिया।

### कांग्रेस के टीम वर्क मे नेता से लेकर कार्यकर्ताओं तक कि जिम्मेदारी

गौरतलब है कि राजनीति का खेल क्रिकेट टीम के खेल से कम नही आका जा सकता, जिसमें क्रिकेट के स्टार बल्लेबाजों के साथ-साथ निचले क्रम के गेंदबाजों तक टीम को जीत दिलाने मे विशेष भूमिका रहती। इनमे से किसी के द्वारा गैर जिम्मेदाराना खेल का प्रदर्शन करते है, तो उसका सीधा असर टीम के हार-जीत पर पड़ता है। ठीक इसी तरहा भाटापारा कांग्रेस के राजनीतिक पृष्ठभूमि मे पार्टी के दिग्गज नेताओं द्वारा सभी मतभेदों को भुलाकर एकजुटता का परिचय देते हुये पार्टी के दायित्वों का निर्वहन कर इस नगरीय निकाय चुनाव मे मेहनत करते है, तो निश्चित ही कांग्रेस पार्टी का जीत अपने ऐतिहासिक कदम कि और अग्रसर हो सकता है। वहीं इसके विपरीत रणनीति बनता है, जैसे कि दल बदल, भीतरघात, दायित्वों के प्रति उदासीनता आदि अनेक का पार्टी के हार का भी प्रमुख कारण बन सकता है। जिसे स्थानीय कांग्रेस संगठन पर समय रहते सामंजस्य विश्वास व नेतृत्व क्षमता मे तालमेल बनाये रखना किसी चुनौती से कम नही होगा, जिससे नगरीय चुनाव मे विजय का स्वाद चखा जा सके।

### कांग्रेस को नगर पालिका मे विजय का परचम लहराना है तो टीम वर्क महत्वपूर्ण

गौरतलब है कि भाटापारा के राजनीति मे जनप्रतिनिधित्व के नेतृत्व को लेकर कांग्रेस का गहरा समुन्दर कहा जाता है। भाटापारा के इस राजनीतिक पृष्ठभूमि पर कांग्रेस मे दर्जनों जनाधार वाले नेता है, जो कि अपने कुशल पार्टी नेतृत्व क्षमता के बदौलत नगर मे मजबूत जनमत तैयार कर कांग्रेस पार्टी का विजय पताका नगर पालिका मे लहरा सकता है।

### भाटापारा कांग्रेस के राजनैतिक पृष्ठभूमि मे स्टार बल्लेबाजों कि तरह दर्जनों कांग्रेसी दिग्गज नेता

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने नगर पालिका हेतु अध्यक्ष प्रत्याशी कि घोषणा कर दी है। परंतु कांग्रेस द्वारा कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी का लिस्ट जारी ना कर सीधे बी फार्म नामांकन स्थल मे दिये जाने कि बात कही गई, जो कि शायद कांग्रेस के इतिहास मे पहली बार होते दिखा। बताया जाता है कि अध्यक्ष के टिकट चयन को लेकर कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व व पार्टी संगठन के बीच खींचतान के स्थिति के चलते समय रहते पार्षद प्रत्याशी का लिस्ट नही निकाला जा सका जिसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी का बी फार्म सीधे नामांकन स्थल पर दिया गया।

### नामांकन को लेकर कांग्रेस कार्यालय मे जुटे कांग्रेसी

कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल द्वारा नामांकन भरा गया परंतु पार्षद प्रत्याशी का बी फार्म नही दिया जा सका हो बताया जा रहा है कि बी फार्म जमा करने का समय 31 तारीख तक है। इस कारण इस बीच किसी भी समय पार्षद प्रत्याशी का बी फार्म भरे जाने कि बात कही गई है।

# बेजुबान वन्यजीवों की मौत का जिम्मेदार कौन ?

## बायसन की मौत, पीसीसीएफ सुधीर अग्रवाल की कार्यप्रणाली पर फिर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में एक-एक करके वन्यजीवों की मौत हो रही है। पीसीसीएफ वन्य प्राणी सुधीर अग्रवाल पर वन्यजीव प्रेमियों द्वारा नियमों की अवहेलना करने का आरोप लगाया जा रहा है। हाल ही में एक बायसन की सिफ्टिंग के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद फिर से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारत सरकार ने सितंबर 2018 में चालीस बायसन बारनवापारा अभ्यारण से गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाने की अनुमति छत्तीसगढ़ वन विभाग को दी थी। शर्त थी कि ट्रांसलोकेशन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर, जो बायसन की सुरक्षा को खतरे में डालती है तो मंत्रालय दी गई अनुमति निरस्त कर सकता है। छः साल बाद 25 जनवरी 2025 को अचानक वन विभाग की नींद खुली और उसने एक मादा सब एडल्ट (उप-वयस्क) को बारनवापारा अभ्यारण में बेहोश करके पकड़ा। दिन में दो बजे उस अकेली बायसन को बारनवापारा से ट्रक में रवाना किया। बिना विश्राम के ट्रक गुरु घसीदास नेशनल पार्क रात को दो बजे भरी ठंड में पहुंचा। वहां सब एडल्ट मादा बायसन को बाड़े में उतारा गया। सिंघवी ने बताया कि उतारने के 25 मिनट बाद सब एडल्ट मादा बायसन अचानक गिरी और मर गई। वन्यजीव प्रेमी ने इसे बायसन की हत्या बताया है और इस मामले पर पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ सुधीर अग्रवाल पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया है। रायपुर के नितिन सिंघवी ने भारत सरकार (वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) को पत्र लिख कर ट्रांसलोकेशन की अनुमति निरस्त करने की मांग की है।



मिली जानकारी अनुसार बायसन की मौत को लेकर वन्यजीव प्रेमियों ने पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ सुधीर अग्रवाल के समक्ष जमकर विरोध दर्ज कराया है। विरोध के चलते फिलहाल सिफ्टिंग को होल्ड कर दिया गया है।

### मौत का जिम्मेदार कौन?

सिंघवी ने इस मामले पर सवाल उठाते हुए कहा कि बायसन सामाजिक वन्यजीव हैं जो झुंड में रहते हैं, जिनका नेतृत्व आमतौर पर एक प्रमुख मादा करती है। वे सामाजिक रूप से एक-दूसरे से बहुत करीब से जुड़े रहते हैं, उप-वयस्क बच्चे अपनी माताओं और झुंड के संरक्षण और मार्गदर्शन में शिकारियों से बचने सहित आवश्यक उत्तरजीविता कौशल सीखते हैं। यह जानने के बावजूद, वन विभाग ने पहले एक उप-वयस्क को पकड़ना चुना। उप-वयस्क मादा बायसन अगर इस मौत से बच भी जाती, तो भी वह गुरुघासीदास नेशनल पार्क में अकेले बिना माँ और झुंड के असीम आघात में रहती क्योंकि बाद में उसकी माँ को पकड़ना और माँ को उसके पास स्थानांतरित करना संभव नहीं था। बायसन जैसे सामाजिक वन्यजीवों को स्थानांतरित करते समय, उनके सामाजिक बंधनों पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाता है। आघात को कम करने और सर्वाइवल सुनिश्चित करने के लिए, पूरे झुंड को स्थानांतरित करने की आम तौर पर सिफारिश की जाती है। फिर भी एक उप-वयस्क मादा बायसन को अकेले स्थानांतरित करने के लिए वन विभाग ने चुना? सर्दियों के दौरान, बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के बीच तापमान का अंतर काफी अधिक होता है, जिसमें जीजीएनपी काफी ठंडा होता है। दुर्भाग्यशाली उप-वयस्क मादा बायसन जीजीएनपी में रात लगभग 2 बजे पहुचीं, तब बोमा साइट पर तापमान लगभग 6-7 डिग्री सेल्सियस था। सिंघवी ने कहा अपनी माँ और झुंड से अलग होने का आघात अचानक ठंड के संपर्क में आने से और बढ़ने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता जिससे उसकी मौत संभवतः हार्ट अटैक से हो गई। वन विभाग के अधिकारियों और पशु चिकित्सकों ने जानबूझकर इन तथ्यों को अनदेखा किया, जिसमें यह सच्चाई भी शामिल है कि माँ से अलग होने का आघात और अचानक ठंडे तापमान के संपर्क में आना, विशेष रूप से उप-वयस्क बायसन के जीवन के लिए खतरा हो सकता है।

नितिन सिंघवी ने सवाल उठाते हुए कहा कि अनुसूची-I की उप-वयस्क मादा बायसन की मौत को लेकर वन विभाग ने कोई विज्ञप्ति जारी नहीं की है। जानकारी के अनुसार बायसन के एक दल से कम से कम दो से तीन बायसन ले जाना था। ऐसे में पशु चिकित्सकों ने सिर्फ एक ही बायसन क्यों पकड़ा ? चर्चा है कि उप-वयस्क मादा बायसन को अकेले जीजीएनपी नहीं ले जाने का विरोध चिकित्सकों ने किया था, परन्तु अधिकारी नहीं माने और अकेले ले जाने का दबाव दिया। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि पशु चिकित्सक, विभागीय अधिकारियों की जिद के सामने क्यों झुक गए, वे तो एक्सपर्ट थे? बायसन के भले के लिए उसे अकेले ले जाने से मना क्यों नहीं किया? सिंघवी ने कहा कि आईयूसीएन की रेड लिस्ट में सूचीबद्ध और भारत में कानूनी रूप से संरक्षित अनुसूची-I बायसन की मौत छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा की गई क्रूर हत्या से कम नहीं है। छत्तीसगढ़ वन विभाग ने अपनी अक्षमता और लापरवाही प्रमाणित की है। बारनवापारा अभयारण्य में बायसन इतनी बड़ी संख्या में नहीं है कि उनको लेकर मानव-वन्यजीव द्वन्द हो रहा हो, जो कि अभी तक नहीं देखा गया है, ऐसे में वहां से बायसन जीजीएनपी भेजे जाने पर पुनः विचार किया जाना चाहिए और जब जीजीएनपी का मैनेजमेंट टाइगर रिज़र्व के मानकों अनुरूप हो जाये, स्टाफ मॉनिटरिंग के सक्षम को जाए, बाघों का और अन्य वन्यजीवों का शिकार रुक जाए, तब ही विचार किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि जीजीएनपी अब गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व भी हो गया है।

### सवालों के घेरे में विभाग

1. बारनवापारा से गुरु घासीदास अभ्यारण्य की दूरी तकरीबन 450 किलोमीटर है। दोपहर को 2 बजे बारनवापारा से बायसन को लेकर रवाना किया गया। वहीं 2 बजे रात गुरु घासीदास अभ्यारण्य पहुंचना बताया जा रहा है। मतलब साफ है कि ट्रक में भरकर इस बेजुबान जानवर को बिना रेस्ट दिए लगातार सफर कर यह दूरी तय की गई। इस दरम्यान उसकी देख-रेख और खान-पान में विभाग ने क्या समुचित व्यवस्था की? क्या इस वाहन में अनुभवी डाक्टरों की टीम मौजूद थी? ऐसे तमाम सवाल इन दिनों आम लोगों के जेहन में घूम रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर नगरीय प्रशासन की झांकी रहा खास आकर्षण



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की झांकी में इस बार आम लोगों की जरूरत को प्रदर्शित किया गया। झांकी की इस थीम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, नालंदा परिसर और अटल परिसर को दर्शाया गया। युवाओं विशेषकर स्कूली बच्चों ने नालंदा परिसर में उपलब्ध सुविधाओं को देख रोमांचित हुए और अपने सहपाठियों के साथ सेल्फी और फोटोग्राफी करते दिखे। आवासहीनों में इस झांकी को लेकर भी बड़ी उत्सुकता रही और विभिन्न विभागों की झांकी तैयार कर रहे श्रमिकों, फेब्रिकेटर्स, वेल्डर्स, माली और सैकड़ों कामगारों ने झांकी की तैयारी में जुटे अफसरों से आवेदन की प्रक्रिया व मापदण्डों के बारे में जानकारी लेते रहे। नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर इस बार विभागीय झांकी को जनोपयोगी एवं जानकारी वर्धक आई.ई.सी. आधारित प्रदर्शित करने का निर्णय विभागीय अधिकारियों ने लिया। लाईव झांकी में सभी निकायों में अटल परिसर, सभी जरूरतमंदों के लिए आवास योजना, सभी जिलों में नालंदा परिसर की योजना प्रदर्शित की गई। आवास मॉडल के सामने शहरी आजीविका से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं चूड़ी, बांस आधारित विक्रय सामाग्री व साड़ियों में मधुबनी आर्ट से चित्रकारी करती दिखीं। सजीव झांकी में नालंदा परिसर में अध्ययन कर अपने कैरियर को दिशा देती युवती ने महिला स्वावलंबन का संदेश दिया। इस पूरी झांकी की थीम को हर स्तर पर सराहना मिली एवं इस बार आई.ई.सी. के जरिए सुशासन की दिशा में सरकार के बढ़ते कदम को प्रदर्शित किया गया।

## एनएसई और छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए छात्र कौशल विकास कार्यक्रम पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई और छत्तीसगढ़ सरकार ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा दी जाएगी। मुकेश बंसल, सेक्रेटरी फाइनेंस, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, कमर्शियल टैक्स (जीएसटी) और सेक्रेटरी चीफ मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ सरकार और श्रीराम कृष्णन, चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, एनएसई, द्वारा छत्तीसगढ़ में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से एनएसई, पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा प्रदान करेगा, जिसका उद्देश्य बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा) क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, कौशल और क्षमता का निर्माण करना है। इस प्रोजेक्ट से




बीएफएसआई क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कौशल विकास, जो रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, वर्ष 2024 के केंद्रीय बजट और केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति (2020) के मुख्य पहलुओं में से एक है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाता है और राज्य के युवाओं को बीएफएसआई क्षेत्र में आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए तैयार है, जिससे वे भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसरों से जुड़ सकेंगे।

## शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी स्कूल के शिक्षकगण और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले प्रिंसिपल बंशीलाल सुर्गे द्वारा ध्वजारोहण किया गया और भारत माता की फोटो पर माला अर्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कविता तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के हेड बॉय कक्षा 12वीं के वंश प्रशांत द्वारा शानदार स्पीच से शुरू हुआ। कक्षा सातवीं से अंशिका तिवारी, कक्षा 12वीं की रितिका रानी जयसवाल द्वारा देश-भक्ति पूर्ण स्पीच एवं गीत पेश की गई, डिंपल बोरकर, सारिका तिवारी, भावना,



इंद्राणी, प्रथमा पांडे, प्राची, मोनिका, हर्षिता, श्रुति ठाकुर, खुशबू ने नित्य के माध्यम से भारत के सभी राज्यों की झांकिया प्रस्तुत की गई। अंत में स्कूल के स्टाफ द्वारा सुंदर देश भक्ति गीतों से कार्यक्रम को समाप्त किया गया। इस तरह गणतंत्र दिवस का यह कार्यक्रम सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं अनामिका साहू, माया शुक्ला, सरस्वती राहंगडाले, टी. ममता रेड्डी, प्रभा यादव, दिव्या साहू, रश्मि बैस, शालिनी शर्मा, प्रीति रानी भट्ट, दीपिका सूर, राजन शर्मा, प्रीति वर्मा, मोनिशा दुबे, प्रिया साहू, तुनिका वर्मा द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया नया 2025 एक्टिवा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत के सबसे लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा का नया ओबीडी2बी अनुपालन संस्करण लॉन्च किया, जो तकनीक, सुविधा और स्थिरता के अगले स्तरतक पहुंचाता है। नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों कीबदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। नई 2025 होंडा एक्टिवा की कीमतें 80,950 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरूहोती हैं। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया केप्रबंध निदेशक, प्रेजिडेंट एंड सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, एक्टिवा हमेशा से भारतीय



ग्राहकों के लिए मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने में अग्रणी रहा है। अपने नवीनतम 2025 संस्करण केसाथ, यह नवाचार, सुविधा और विश्वसनीयता का आदर्श मिश्रण बना हुआ है, जिसने इसे भारत का सबसे पसंदीदा स्कूटर बनाया है। टीएफटी डिस्प्ले के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और ओबीडी2बी अनुपालन इंजन कासमावेश तकनीक और स्थिरता के मामले में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर: 'द वन एंड ओनली' एक प्रतिष्ठित और फैशनेबल दुनिया का प्रवेश द्वार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अब तक के अपने सबसे प्रतिष्ठित संस्करण का अनावरण किया है, जिससे 'द वन एंड ओनली' दुनिया की रचना होती है, जहां फैशन केवल एक शुरुआत है। टूर का 2025 संस्करण एक अत्याधुनिक अवतार प्रस्तुत करेगा, जो असाधारणता की सीमाओं को पार करेगा और वैश्विक फैशन, संगीत और मनोरंजन के शानदार प्रदर्शन लेकर आएगा, जो पूर्ण विस्मय से भर देंगे। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ एक बार फिर जुड़ते हुए, फैशन टूर अपनी ग्लैमरस और भव्य पहचान का जश्न मनाएगा। इसमें भारत के सबसे चर्चित फैशन विशेषज्ञों के साथ-साथ देश के सबसे आकर्षक स्टाइल आइकन्स भी शामिल होंगे, जो निश्चित रूप से पूरे देश का ध्यान आकर्षित करेंगे। हर शहर में, यह टूर अलग-अलग कहानियां रचेगा, जो इसकी प्रतिष्ठित दुनिया की अनूठी व्याख्याओं को प्रदर्शित करेगी। गुरुग्राम में, यह भारत के सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के भव्य उत्सव के साथ शुरू होगा, जहां उनके कलात्मक प्रतिभा को फिर से जीवंत किया जाएगा।

## प्योर ईवी ने लिथियम-आयन बैटरीज़ की उम्र दोगुनी करने के लिए बीई एनर्जी फ्रांस के साथ साझेदारी की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी प्योर ईवी ने फ्रांस की प्रमुख क्लाइमेट टेक कंपनी बीई एनर्जी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह भारत में अपनी तरह का पहला सहयोग है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह साझेदारी उन्नत लिथियम-आयन बैटरी पुनर्संवर्धन तकनीक (लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग टेक्नोलॉजी) को भारतीय बाजार में लाने पर केंद्रित है। इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों की पुनः उपयोग क्षमता को बढ़ाना, उनकी स्थिरता में सुधार करना और डिकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन में कमी) प्रयासों को मजबूती देना है। यह साझेदारी



भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक टिकाऊ और सुलभ बनाने में सहायक होगी। बैटरी रिकंडीशनिंग में वैश्विक तौर पर अग्रणी बीई एनर्जी इस साझेदारी के साथ भारत में अपने कामकाज की शुरूआत करने जा रही है। इस सहयोग के बाद अब बीई एनर्जी के पेटेंटेड हाई-टेक उपकरणों को प्योर ईवी की पेटेंटेड बेट्रिक्सफैराडेज्जरूतकनीक के साथ संयोजन में इस्तेमाल किया जाएगा। संयुक्त उद्देश्य भारत में लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग क्षेत्र में खुद को पहले प्योर प्लेयर के रूप में स्थापित करना है। इस सहयोग से ईवी मालिकों के लिए दीर्घकालिक लागत बचत संभव होगी, क्योंकि रिकंडीशनिंग/कायाकल्प प्रक्रिया नई बैटरियों की आवश्यकता को कम करेगी, जिससे कुल लागत कम होगी।

## केके मोदी यूनिवर्सिटी का सैंक्टम के साथ वेलनेस सत्र संपन्न, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सत्र आवश्यक

पायनियर संवाददाता दुर्ग/भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में स्थित सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालयों में से एक केके मोदी यूनिवर्सिटी (केकेएमयू) ने दुर्ग में अपने परिसर में आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। समग्र शिक्षा के अपने



मिशन पर कायम रहते हुए, केकेएमयू ने सैंक्टम के संस्थापकों लुक मेलिस, पूर्व डच पेशेवर नर्तक और फिटनेस गुरु, और गेब्रियल ओल्स्ज़ेव्स्की के साथ मिलकर एक अनोखा अनुभव प्रदान किया। सैंक्टम द्वारा आयोजित सत्र में उच्च तीव्रता के अभ्याओस को सजगता और अभिव्युक्ति अभियान के साथ जोड़ा गया, जिसका छात्रों और शिक्षकों दोनों पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा। केके मोदी यूनिवर्सिटी की संस्थापक और चांसलर चारू मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि केकेएमयू में, हम अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक शिक्षा से परे जाने में विश्वास करते हैं। यह केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के बारे में ही नहीं, बल्कि हमारे छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप सेसशक्त बनाने के बारे में भी है। सैंक्टम का अनुभव इस दृष्टिकोण के लिए एकदम सही था, जो हमारे छात्रों को एक गहन स्तर पर विकसित होने और खुद से जुड़ने का वास्तविक परिवर्तनकारी अवसर प्रदान करता है।

## नगर पालिका पंडरिया और नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी में भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव का शंखनाद हो चुका है। नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पंडरिया विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया और नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी में भी भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली नगर पालिका पंडरिया में भाजपा प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे और नगर पंचायत पांडातराई में सरिता रामकुमार सोनी के नामांकन रैली में पंडरिया विधायक भावना बोहरा भी उपस्थित रहीं वहीं नगर पंचायत इंदौरी से भाजपा प्रत्याशी मित्रीन बाई महंगी लाल मांडले ने अपना नामांकन दाखिल किया,जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।




इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के उद्देश्य से कार्य करने वाली पार्टी है। महिलाओं का सशक्तिकरण हो या युवाओं को रोजगार, किसानों को उनका अधिकार देना हो या बुजुर्गों को आयुष्मान का उपहार भाजपा हमेशा जनहित के लिए कार्य करती है। विगत 1 वर्ष में डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया नगर हो या नगर पंचायत इंदौरी और पांडातराई, भाजपा सरकार ने करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात यहां की जनता को दिए है। वहीं जनहित की योजनाओं से जनता को सुविधाओं का उपहार मिला है। उन्होंने बताया कि केवल एक माह में अधोसंरचना विकास और विभिन्न जनसुविधाओं के लिए नगर पालिका पंडरिया में 10 करोड़ से अधिक, नगर पंचायत पांडातराई में 12 करोड़ से अधिक एवं नगर पंचायत इंदौरी में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति भाजपा सरकार के सुशासन में क्षेत्रवासियों को मिली है। वहीं पंडरिया विधानसभा में 1 लाख 25 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। जिसमें नगर पालिका पंडरिया में 4825, नगर पंचायत पांडातराई में 2021 तथा इंदौरी में 1758 विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। पीएम आवास योजना से विधानसभा के 18 हजार से अधिक परिवारों के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है, जिसमें पंडरिया नगर में 2374 एवं पांडातराई में 1586 परिवारों को पक्का आवास मिल रहा है। हमने अपने घोषणा पत्र में दो वर्ष का बकाया धान बोनस देने का जो वादा किया था उसे पूरा किया जिसके अंतर्गत वर्ष 2013-14 एवं पंडरिया में लगभग 1200 से अधिक, पांडातराई में लगभग 650 तथा इंदौरी में लगभग 1600 किसानों को बकाया बोनस दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी हुआ हैं वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत पंडरिया नगर में 5228, पांडातराई में 2696 एवं इंदौरी में 5300 लोगों को 10 लाख तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के माध्यम से पंडरिया नगर में 2673, पांडातराई में 1789 एवं इंदौरी में लगभग 800 माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है।

## स्कोडा काइलैक आधिकारिक तौर पर भारत में लॉन्च हुई, स्कोडा की पहली सब-4-मीटर एसयूवी की पूरे भारत में डिलीवरी शुरू

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी, काइलैक को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और तेजी से बढ़ते भारतीय एसयूवी बाजार में स्कोडा के लिए नए रास्ते खोलता है। काइलैक स्कोडा की पहली पेशकश है, जो लोकप्रिय सब-4 मीटर सेगमेंट में उतारी गई है। यह गाड़ी भारत में स्कोडा के नए मॉडर्न सॉलिड डिज़ाइन लैंग्वेज का उदाहरण है, जिसमें मजबूती, कार्यक्षमता और प्रामाणिकता को प्राथमिकता दी गई है। ग्राहकों के लिए गाड़ी की टेस्ट ड्राइव और डिलीवरी आज से शुरू हो चुकी है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने काइलैक के लॉन्च पर कहा कि यह एसयूवी भारतीय बाजार में स्कोडा के विकास



को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। काइलैक की उपलब्धता स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए एक नए युग की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी सुरक्षा, बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और अपने सेगमेंट के सबसे उन्नत फीचर्स का अदभुत संयोजन है। कुशाक और स्लाविया की सफलता के बाद, काइलैक स्कोडा की भारत-केंद्रित उत्पाद रणनीति को और आगे बढ़ाती है। यह न केवल नए बाजारों में स्कोडा की उपस्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि स्कोडा परिवार से और भी अधिक ग्राहकों को जोड़ने में मदद करेगी। काइलैक की किफायती कीमत और उन्नत यूरोपीय तकनीक इसे भारतीय सड़कों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाती है। काइलैक की शानदार सफलता और सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में इसकी मजबूत उपस्थिति के कारण स्कोडा ऑटो इंडिया को अपनी बिक्री में बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कंपनी ने 2026 तक सालाना 1 लाख गाड़ियां बेचने का लक्ष्य रखा है।

# एनटीपीसी सीपत का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

पायनियर संवाददाता < सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत का स्थापना दिवस ऊर्जा भवन, मुख्य प्रशासनिक भवन प्रांगण में उत्साहपूर्वक मनाया गया। 28 जनवरी 2002 को ही भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने एनटीपीसी सीपत का शिलान्यास किया था। ज्ञात हो एनटीपीसी सीपत में एनटीपीसी की सर्वप्रथम 660 मेगावॉट क्षमता की तीन इकाईयॉं एवं सुपर क्रिटिकल टेक्नालॉजी पर आधारित बॉयलर से विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है। एनटीपीसी सीपत की कुल स्थापित क्षमता 2980 मेगावाट है। सीपत मे देश का सर्वप्रथम 765 के.व्ही. ट्रांसमिशन नेटवर्क भी स्थापित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख, विजय कृष्ण पाण्डेय को सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया, इस दौरान सभी कर्मचारियों द्वारा एनटीपीसी गीत का सामुहिक रूप से गायन किया गया। मुख्य अतिथि ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एनटीपीसी सीपत स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना एवं बधाई दी। इस अवसर पर उन्होने एनटीपीसी सीपत के मुख्य उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में 27.01.2025 तक स्टेशन ने 87.25 पीएलएफ दर पर 18844 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया। वित्त वर्ष 2024-25 में अबतक 1.07 करोड़ ईंट का उत्पादन किया गया है, जो अबतक का सर्वश्रेष्ठ है। 27 जनवरी को सीएसआर विभाग द्वारा ग्रामीण खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 07 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के 255 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। उन्होने वर्ष 2025 में रखे गए महत्वपूर्ण लक्ष्यों के बारे बताते हुए कहा कि सभी यूनिटों की निश्चित समय में ओवरहौलिंग सम्पन्न करना, एलडब्लूए का सतत संचालन, विभिन्न राखड़ उत्पादों की बिक्री तथा एश-सैंड प्लांट के काम को पूरा करना है। इस दौरान सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, सभी यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केक काटकर एवं आसमान मे गुब्बारे छोडकर, एनटीपीसी सीपत स्थापना दिवस को यादगार बनाया।
















































संकलनकर्ता - अमित भदौरिया, ब्यूरो चीफ, सुकमा, मो. 74891-31303

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403